कोटद्वार, शुक्रवार
1 अगस्त 2025
वर्षः 47
अंकः 92 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### स्कूलों की मरम्मत को अब आपदा फंड से भी मिलेगा बजट

देहरादून। उत्तराखंड में सरकारी स्कूलों की मरम्मत के लिए अब आपदा फंड से भी बजट मिल पाएगा। सरकार ने इसके अधिकारी सभी जिलाधिकारियों को दे दिए हैं। वह ऐसे प्रत्येक स्कूल पर दो–दो लाख रुपये खर्च कर पाएंगे। मालूम हो कि उत्तराखंड में 1172 सरकारी स्कूलों के भवनों की स्थिति इतनी खराब है कि इन्हें शिक्षा विभाग ने अतिसंवेदनशील श्रेणी में शामिल किया गया है। शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने बताया कि स्कूल भवनों को ठीक करने के दिशा में सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सभी स्कूल भवनों का सुरक्षा ऑडिट किया जा रहा है। 15 दिन में इसकी रिपोर्ट मांगी गई है। जिन स्कूलों के भवनों की स्थिति खराब है, उनके लिए बजट की व्यवस्था की जा रही है। ऐसे 150 स्कूलों के लिए सरकार ने 30 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। साथ ही जहां कम बजट में मरम्मत होने की स्थिति है, ऐसे स्कूलों को आपदा मद से भी बजट देने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके अधिकारी सभी जिलाधिकारियों को दे दिए हैं। वह स्कूलों की मरम्मत के लिए दो–दो लाख आपदा मद से जारी कर पाएंगे। साथ ही स्कूलों की स्थिति सुधारने के लिए किए जा रहे कामों की निगरानी करने के लिए शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में मॉनिटरिंग कमेटी बना दी गई है।

### हरिद्वार में चेतावनी निशान से 55 सेंटीमीटर नीचे बही गंगा


हरिद्वार। भीमगोड़ा बैराज पर गुरुवार को गंगा का जलस्तर 292.45 मीटर रिकॉर्ड हुआ। इस दौरान गंगा चेतावनी निशान से मात्र 55 सेंटीमीटर नीचे बही। करीब तीन घंटे तक गंगा चेतावनी निशान के आसपास बहती रही। पहाड़ों में हो रही बारिश के बाद गुरुवार को गंगा का जलस्तर बढ़ गया। गुरुवार को भीमगोड़ा बैराज पर तड़के सुबह तीन बजे गंगा 292 मीटर के निशान से ऊपर बहने लगी। इस दौरान बैराज पर गंगा का जल स्तर 292.20 सेंटीमीटर दर्ज हुआ। सुबह छह बजे गंगा का जलस्तर 292.45 सेंटीमीटर तक बढ़ गया। इसके बाद सुबह 09 बजे तक गंगा 292.45 सेंटीमीटर के निशान पर बही। छह बजे से 09 बजे तक गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान से 55 सेंटीमीटर नीचे रहा। जलस्तर बढ़ने की सूचना के बाद जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। साथ ही गंगा के किनारे रहने वालों लोगों से सुरक्षित स्थान पर जाने का आग्रह किया। गंगा के तटीय इलाकों में बसे गांवों को अलर्ट में रखा गया है। भीमगोड़ा बैराज के जेई हरीश कुमार ने बताया कि सामान्य समय में बैराज से एक लाख से एक लाख 25 हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज लेवल होता है। लेकिन गुरुवार को गंगा का जलस्तर बढ़ने के बाद डिस्चार्ज लेवल डेढ़ लाख क्यूसेक तक रहा। बताया कि भीमगोड़ा बैराज की क्षमता छह लाख क्यूसेक पानी से अधिक है।

### शहर में तेज हवा और मूसलाधार बारिश से घंटों गुल रही बिजली

रुड़की। क्षेत्र में बुधवार रात करीब नौ बजे तेज हवा के साथ शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने कई इलाकों की बिजली गुल कर दी। रात के समय बिजली कटौती से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि, ऊर्जा निगम के कर्मचारी बारिश कम होने के साथ ही बिजली सप्लाई बहाल करने में जुट गए। इसके चलते कहीं दो घंटे बाद तो कहीं चार घंटे बाद बिजली सप्लाई शुरू हो सकी। गुरुवार को भी दिनभर रुक–रुक कर हो रही बारिश के कारण विभिन्न इलाकों में बिजली कटौती जारी रही। बुधवार रात करीब नौ बजे तेज हवा के साथ अचानक मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। आंधी को देखते हुए ऊर्जा निगम ने अधिकतर बिजलीघर बंद कर दिए थे। कुछ इलाकों में पेड़ों की टहनियों के बिजली लाइनों पर गिरने से भी बिजली सप्लाई ठप हो गई। इसी दौरान रामनगर उपकेंद्र की हाईटेंशन लाइन भी ब्रेकडाउन हो गई, जिससे ब्रह्मपुर बिजलीघर के कई फीडर बंद हो गए और मयूर विहार, भारापुर, बेलड़ी, शंकरपुरी, माजरा सहित कई इलाकों में बिजली गुल हो गई।

## मोदी कैबिनेट के फैसलेः रेलवे की चार परियोजनाओं को मंजूरी

### –574 किमी लंबी रेल लाइन का होगा निर्माण




नई दिल्ली,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए. मंत्रिमंडल ने चार मल्टी–ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है. साथ ही राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के लिए 2,000 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता को मंजूरी दी गई. कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली चार मल्टी–ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है– ये परियोजनाएं हैं– इटारसी–नागपुर चौथी रेल लाइन, औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर)–परभणी दोहरीकरण, आलुआबाड़ रोड–न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन, और डांगोआपोसी–जरोली तीसरी और चौथी लाइन. इस परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग 574 किलोमीटर बढ़ जाएगा. इनकी कुल अनुमानित लागत 11,169 करोड़ रुपये है और ये 2028–29 तक पूरी हो जाएंगी. वैष्णव ने कहा कि प्रस्तावित मल्टी–ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 43.60 लाख की आबादी वाले 2,309 गांवों तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी. उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से निर्माण के दौरान लगभग 229 लाख मानव दिवसों का प्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होगा. उन्होंने आगे बताया कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता से गतिशीलता में बड़ी वृद्धि होगी, जिससे भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा. ये मल्टी–ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए तैयार हैं. ये परियोजनाएं क्षेत्र के लोगों को व्यापक विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाएंगी जिससे उनके रोजगार या स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे. वैष्णव ने कहा, ये परियोजनाएं पीएम–गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुसार बनाई गई हैं, जिनका उद्देश्य एकीकृत योजना और हितधारक परामर्श के माध्यम से मल्टी–मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है. ये परियोजनाएं लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी. प्रस्तावित मल्टी–ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 43.60 लाख की आबादी वाले 2,309 गांवों तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी. वैष्णव ने बताया कि ये कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, जिप्सम, फ्लाई ऐश, कंटेनर, कृषि वस्तुओं और पेट्रोलियम उत्पादों जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं.

### राहुल गांधी का ट्रंप को समर्थन, कहा–भाजपा ने अडाणी के लिए अर्थव्यवस्था को खत्म किया

नईदिल्ली,कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को मरी हुई अर्थव्यवस्था कहा था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि ट्रंप ने बिल्कुल सही कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था खत्म हो चुकी है और इससे पूरी दुनिया वाकिफ है। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि भाजपा ने भारत की अर्थव्यवस्था को अडाणी (गौतम अडाणी) के लिए खत्म किया है। राहुल ने कहा, ट्रंप सही हैं। ये बात सभी जानते हैं, सिर्फ प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को छोड़कर। सभी जानते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था एक मरी हुई अर्थव्यवस्था है। मुझे खुशी है कि ट्रंप ने एक तथ्य रखा है। यह प्रश्न क्यों पूछा जा रहा है। क्या लोग जानते नहीं हैं? पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अर्थव्यवस्था को खत्म किया है। भाजपा ने अडाणी की मदद करने के लिए अर्थव्यवस्था को खत्म कर दिया है। राहुल ने आगे कहा, विदेश मंत्री कहते हैं कि हमारे पास शानदार विदेश नीति है। एक तरफ अमेरिका आपको गाली दे रहा है, दूसरी तरफ चीन आपके पीछे पड़ा है।

## मालेगांव बम धमाकाः साध्वी प्रज्ञा समेत सभी 7 आरोपी बरी

### कोर्ट ने कहा– पर्याप्त सबूत नहीं



मुंबई,महाराष्ट्र के मालेगांव में हुए बम धमाकों के मामले में 17 साल बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर और कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी 7 आरोपियों को बरी कर दिया है। इसके पीछे सबूतों की कमी का हवाला दिया है। बता दें कि 29 सितंबर, 2008 को मालेगांव में ये धमाके हुए थे, जिनमें 6 लोग मारे गए थे। कोर्ट ने कहा, एटीएस और एनआईए के चार्जशीट में बहुत अंतर है। अभियोजन पक्ष ये साबित करने में विफल रहा है कि बम मोटर साइकल में था। कोई सबूत नहीं है कि प्रसाद पुरोहित ने बम बनाया था। ये भी नहीं साबित हो पाया कि किसने बम लगाया था। सबूतों से छेड़छाड़ हुई है। जांच एजेंसियां ये साबित करने में विफल रही की बाइक साध्वी प्रज्ञा की है। बाइक का चेसिस नंबर निकालने में अभियोजन विफल रहा है। मामले में भोपाल से भाजपा की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर मुख्य आरोपी थी। उसके अलावा लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, अभिनव भारत संस्था से जुड़े सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी, पुणे निवासी रमेश उपाध्याय और अजय राहिरकर और सुधाकरधर द्विवेदी भी आरोपी थे। इन सभी पर आतंकी साजिश रचने, हत्या और धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोप थे। जांच के दौरान एनआईए और एटीएस ने करीब एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया था। प्रज्ञा ठाकुर पर मालेगांव बम धमाकों की साजिश में शामिल होने का आरोप था। मामले में दाखिल चार्जशीट के अनुसार, वह धमाके की योजना बनाने के लिए हुई बैठकों में शामिल हुई थीं और उन्होंने हमले को अंजाम देने वाले व्यक्ति को खोजने का जिम्मा लिया था। जिस मोटरसाइकिल में धमाका हुआ था, वह भी प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी। उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत मामला चल रहा था।

अक्टूबर 2008: महाराष्ट्र एटीएस ने जांच शुरू की, साध्वी प्रज्ञा और कर्नल पुरोहित सहित कई लोग गिरफ्तार हुए। 2011: जांच एनआईए को सौंपी गई। 2016: एनआईए ने साध्वी प्रज्ञा और 6 अन्य के खिलाफ मकोका हटाकर नई चार्जशीट दायर की, सबूतों के अभाव का हवाला दिया। 2017ः कर्नल पुरोहित और साध्वी प्रज्ञा को जमानत मिल गई। 2018ः एनआईए कोर्ट ने आरोप तय किए। 2025ः अप्रैल में बहस पूरी हुई। इस दौरान कई गवाह अपने बयान से पलट गए।

## महाराज ने केन्द्रीय पंचायतीराज मंत्री से की शिष्टाचार भेंट

### – पंचायतों के सुद्धीकरण के लिए प्रदेश को 193 .84 करोड़ देने पर जताया आभार –नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को दी बधाई



देहरादून। प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने केन्द्रीय पंचायतीराज, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट कर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत उत्तराखंड को 193.84 करोड़ की धनराशि दिये जाने पर उनका आभार जताया है।

प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को केन्द्रीय पंचायतीराज, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट कर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान वर्ष 2025–26 के तहत कार्यकारी समिति (एसईसी) द्वारा सर्वसम्मति से 193.84 करोड़ धनराशि की कार्य योजना को केन्द्रीय कार्यकारी समिति (सीईसी) पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आहूत बैठक में लगभग शत–प्रतिशत रूप में सभी घटकों के साथ पारित किये जाने पर प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है।

पंचायतीराज मंत्री श्री महाराज ने राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा कि उक्त अनुमोदित कार्ययोजना से त्रिस्तरीय पंचायतों के नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों, रेखीय विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कराया जायेगा। इसके अलावा प्रतिनिधियों के लिए अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम, पंचायत भवन विहिन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों का निर्माण, कम्प्यूटरीकरण, पंचायत लर्निंग सेण्टर का निर्माण, कम्प्यूटरीकरण, पंचायत लर्निंग सेण्टर की स्थापना तथा नवोन्मेशी योजनान्तर्गत लर्निंग मैनेजमेण्ट सिस्टम, यात्रा मार्गो में बायोडायजेस्टर आदि स्थापित किया जायेगा। इससे एक ओर जहां पंचायतें सुदृढ़ होंगी वहीं दूसरी ओर पंचायत प्रतिनिधियों की कार्य दक्षता भी बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखण्ड के प्रति सदैव विशेष लगाव रहा है और पंचायतों के सशक्तिकरण के संबंध में उनका हमेशा से मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) का आभार प्रकट करते हुए उत्तराखण्ड में पंचायतों के सुद्धीकरण हेतु उनके सहयोगी के लिए धन्यवाद भी दिया।

श्री महाराज ने केन्द्रीय पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) से कहा कि हिमालयी राज्य एवं दुर्गम परिस्थितियों के दृष्टिगत समस्त त्रिस्तरीय पंचायतों के प्रतिनिधियों का श्ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यकमष् कराया जाना अति आवश्यक है। इसलिए क्षमता विकास एवं प्रशिक्षण हेतु अधिक से अधिक धनराशि उत्तराखंड को दी जाये।

### आंगनबाड़ी कर्मचारी बनकर युवती से 15 हजार की ठगी

नैनीताल। मल्लीताल क्षेत्र में साइबर ठग ने आंगनबाड़ी कर्मचारी बनकर एक युवती से 15 हजार रुपये की ठगी कर ली। युवती ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मल्लीताल निवासी राधा ने कोतवाली में दी शिकायत में बताया कि बुधवार सुबह उनकी गर्भवती भाभी के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को आंगनबाड़ी कर्मचारी बताते हुए गर्भवती महिला को सरकारी योजना के तहत आर्थिक सहायता देने की बात कही।

महिला ने मोबाइल अपनी ननद राधा को सौंप दिया। राधा के अनुसार कॉलर ने उससे कहा कि उसकी भाभी को आर्थिक लाभ दिलाने के लिए 2000 रुपये गूगल पे के माध्यम से भेजने होंगे और पेमेंट को एक्सेप्ट करना होगा। जैसे ही राधा ने पेमेंट एक्सेप्ट किया, उसके बैंक खाते से पैसे कटने लगे और कुछ ही देर में कुल 15 हजार रुपये की रकम निकल गई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## उत्तराखंड के इन जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट



देहरादून। उत्तराखंड में 6 अगस्त तक बारिश वाला मौसम रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में गरज चमक के साथ झमाझम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि नैनीताल, हरिद्वार, देहरादून समेत कई अन्य क्षेत्रों में कम से कम 1 अगस्त तक गरज चमक और तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड के देहरादून, पौड़ी, नैनीताल और बागेश्वर जिलों में अलग–अलग स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं टिहरी, उधम सिंह नगर, चमोली और चंपावत जिलों में अधिकांश स्थानों पर जबकि अन्य जिलों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या छींटे पड़ने की संभावना है। इस बीच उत्तराखंड में भारी बारिश से सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच मुनकटिया में 50 मीटर सड़क क्षतिग्रस्त होने से केदारनाथ वाला हाईवे पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इससे केदारनाथ से आने वाले श्रद्धालु गौरीकुंड में फंस गए हैं। यही नहीं धाम यात्रा 2 दिन के लिए रोक दी गई है। प्रशासन ने सुरक्षा को ध्यान में रखते लगभग 2 हजार यात्रियों को बीच में ही रोक दिया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस के जवान केदारनाथ में फंसे ढाई हजार यात्रियों को सुरक्षित सोनप्रयाग पहुंचाने में जुटे हैं। डीएम प्रतीक जैन ने बताया कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसपी अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने बताया कि बारिश–भूस्खलन की आशंका को देखते हुए केदारनाथ यात्रा 2 दिन के लिए रोकी गई है। व्यवस्थाओं और मौसम के अनुकूल होते ही यात्रा फिर से शुरू करा दी जाएगी।

## जब तक चिदंबरम रहे, अफजल गुरु को फांसी नहीं हुई, शाह के दावों का पूर्व गृह मंत्री ने किया खंडन



नई दिल्ली,वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने गुरुवार को आतंकवादी अफजल गुरु की फांसी के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दावों का खंडन किया है. उन्होंने कहा कि शाह का आरोप, झूठ और तोड़–मरोड़ का मिश्रण है. एक्स पोस्ट में चिदंबरम ने स्पष्ट किया कि संसद हमले के मास्टरमाइंड अफजल गुरु की फांसी से संबंधित कार्यवाही भारत के गृह मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान नहीं हुई थी. चिदंबरम ने आगे कहा कि, गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में बयान दिया कि, जब कि, पी चिदंबरम गृह मंत्री थे, तब तक अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जा सकती थी. चिदंबरम ने कहा कि, अमित शाह ने तोड़–मरोड़कर बयान पेश किया है. घटनाक्रम का जिक्र करते हुए चिदंबरम ने आगे कहा, अदालतों द्वारा दोषसिद्धि और सजा सुनाए जाने के बाद अफजल गुरु की पत्नी ने उसकी ओर से अक्टूबर 2006 में भारत के राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका दायर की. राष्ट्रपति ने 3 फरवरी 2013 को दया याचिका खारिज कर दी. अफजल गुरु को छह दिन बाद 9 फरवरी 2013 को फांसी दे दी गई. चिदंबरम ने कहा कि, वे 1 दिसंबर 2008 और 31 जुलाई 2012 के दौरान गृह मंत्री थे. चिदंबरम ने आगे कहा कि, इस पूरी अवधि के दौरान, अफजल गुरु की दया याचिका राष्ट्रपति के समक्ष लंबित रही. कानून यह है कि जब तक दया याचिका का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक मृत्युदंड की सजा पर अमल नहीं किया जा सकता. चिदंबरम की यह टिप्पणी अमित शाह के राज्यसभा में पूर्व गृह मंत्री की ऑपरेशन सिंदूर पर की गई सबूत वाली टिप्पणी की आलोचना के बाद आई है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में अपने बयान में कहा कि, जब तक चिदंबरम गृह मंत्री थे, तब तक अफजल गुरु को फांसी की सजा नहीं दी गई थी. उन्होंने कांग्रेस नेता पर यह सवाल उठाने के लिए निशाना साधा कि आतंकवादी देशी थे या पाकिस्तान से आए थे. शाह ने कहा कि, चिदंबरम ने उनके इस्तीफे की मांग की और ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाए. उन्होंने बार–बार इस सबूत को चुनौती दी कि पहलगाम हमले में शामिल लोग पाकिस्तानी आतंकवादी थे.

### हिमाचल प्रदेश में बारिश की वजह से 290 सड़कें अवरुद्ध, एक महीने में 170 की मौत

शिमला,हिमाचल प्रदेश में मानसून की भीषण बारिश ने कहर बरपाया हुआ है, जिससे न केवल बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा है बल्कि मौतों की संख्या बढ़ रही है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक, राज्य भर में लगातार हो रही बारिश के कारण 30 जुलाई की शाम तक 289 सड़कें अवरुद्ध हैं और 346 बिजली वितरण ट्रांसफार्मर काम नहीं कर रहे हैं। पहाड़ी राज्य में 254 जलापूर्ति योजनाएं भी बारिश के कारण बाधित हुई हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हिमाचल में 20 जून से 30 जुलाई के बीच बारिश के कारण 170 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। राज्य सरकार के मुताबिक, 94 लोगों की मौत भूस्खलन, बाढ़, बिजली गिरने और डूबने से हुई, जबकि 74 लोग खराब दृश्यता, पहाड़ियों में फिसलन की वजह से सड़क हादसों का शिकार हुए हैं।

## हरिद्वार—ऋषिकेश के बाहर बनेगा 25 किमी लंबा बाईपास मार्ग



हरिद्वार। चारधाम यात्रा के दौरान हरिद्वार और ऋषिकेश में लगने वाले भारी जाम से राहत मिलेगी। हरिद्वार सांसद की पहल पर केंद्र सरकार ने हरिद्वार और ऋषिकेश शहर को बाईपास करने के लिए 25 किलोमीटर लंबे वैकल्पिक मार्ग के निर्माण का सर्वे कार्य शीघ्र शुरू कराने का आश्वासन दिया है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में यह जानकारी दी। मीडिया को जारी बयान में त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान हरिद्वार और ऋषिकेश में भीषण जाम लग जाता है, जिससे श्रद्धालुओं के साथ–साथ स्थानीय नागरिकों को भी प्रतिवर्ष भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल यातायात तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे उत्तराखंड के पर्यटन और धार्मिक यात्रा की प्रतिष्ठा भी प्रभावित होती है। रावत ने लोकसभा में हरिद्वार और ऋषिकेश शहर को बाईपास करने वाला एक वैकल्पिक मार्ग विकसित किया जाने की मांग रखी। जिससे तीर्थयात्रियों को बाधारहित यात्रा का अनुभव मिल सके। इस पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस परियोजना का सर्वे कार्य शुरू कराया जाएगा और कार्ययोजना के अनुसार निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। बताया कि प्रस्तावित बाईपास मार्ग करीब 25 किलोमीटर लंबा होगा, जो हरिद्वार और ऋषिकेश के शहरी क्षेत्र को बाईपास कर यात्रियों को सीधा मार्ग उपलब्ध कराएगा।

इससे हरिद्वार और ऋषिकेश के भीतर यातायात दबाव में कमी आएगी और स्थानीय निवासियों को भी जाम की समस्या से राहत मिलेगी। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि चारधाम यात्रा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह उत्तराखंड की संस्कृति, अर्थव्यवस्था और पर्यटन का केंद्र बिंदु है। उन्होंने कहा कि यह बाईपास मार्ग बनने से जहां यात्रियों को सुविधा मिलेगी, वहीं स्थानीय व्यापार और रोजगार को भी नई गति मिलेगी।

## सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय के बाद उमेश की विधायकी फिर चर्चाओं में



देहरादून। देश की सर्वोच्च अदालत ने विधायकों और सांसदों की अयोग्यता याचिकाओं में समय–बद्धता न बरतने वाले स्पीकरों की प्रक्रिया पर कड़ी नाराज़गी जताई है। चीफ जस्टिस बी.आर. गवई एवं जस्टिस ए.जी. मसीह की बेंच की तल्ख टिप्पणी और स्पीकर को तीन महीने में निर्णय लेने के आदेश के बाद हलचल मच गई। सुप्रीम कोर्ट ने ये तीखी टिप्पणी गुरुवार 31 जुलाई 2025 को की। सर्वोच्च न्यायालय ने तेलंगाना विधानसभा के स्पीकर को दस बीआरएस विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं का निर्णय तीन महीने के भीतर लेने का निर्देश देते हुए, गम्भीर विलंब और लोकतंत्र पर संभावित खतरों को लेकर स्पष्ट टिप्पणी कर सिस्टम को कठघरे में खड़ा कर दिया। दक–बदल कानून के उल्लंघन का एक चर्चित मसला उत्तराखण्ड से भी जुड़ा है। इस मुद्दे पर स्पीकर ने तीन महीने ही नहीं बल्कि तीन साल से ज्यादा निकाल दिए। लेकिन कोई फैसला नहीं दिया। इस निर्णय के बाद उत्तराखंड के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार की तीन साल से लंबित सदस्यता का मसला नये सिरे से गर्मा गया है। मार्च 2022 में चुनाव जीतने के बाद निर्दलीय विधायक एक राजनीतिक दल में शामिल हो गए।दल बदल कानून के उल्लंघन के इस मामले को लेकर बसपा नेता (अब भाजपा में) 26 मई 2022 को विधानसभा में सम्पूर्ण तथ्यों के साथ एक याचिका पेश कर उमेश कुमार की सदस्यता रद्द करने की मांग की।इस मसले पर स्पीकर ऋतु खण्डूड़ी ने नवंबर 2022 में पहले उमेश कुमार को और फिर 7 मई 2025 को याचिकाकर्ता रविंद्र पनियाला को नोटिस दिया। लेकिन तीन साल से अधिक समय बीतने के बाद खानपुर से निर्दल विधायक उमेश कुमार की सदस्यता पर चुप्पी साधे रही। इधर, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट संदेश दिया कि राजनीतिक दलबदल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। यदि इसे समय पर नहीं रोका गया, तो लोकतंत्र की अस्थिरता का जोखिम बढ़ता है । स्पीकर की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन यदि वे लाल–फीताशाही या देरी अपनाते हैं, तो न्यायालय समीक्षा के दायरे में आते हैं।कोर्ट ने संसद को संविधान संशोधन के माध्यम से प्रणाली सुधारने की भी सलाह दी है ताकि इस तरह की अयोग्यता याचिकाएँ स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से न्यायिक रूप से निपट सकें। लेकिन बहुचर्चित व विवादास्पद निर्दलीय विधायक उमेश कुमार के बाबत स्पीकर ऋतु खण्डूड़ी का मौन कई सवाल खड़े कर रहा है। 31 जुलाई 2025 के सुप्रीन कोर्ट की तल्ख टिप्पणी के बाद उत्तराखंड की स्पीकर ऋतु खण्डूड़ी अगस्त में होने वाले विधानसभा सत्र से पहले निर्दलीय विधायक उमेश कुमार की सदस्यता पर कब तक फैसला लेती है,यह भी देखने वाली बात होगी।

### स्पीकर ने विस भर्ती घोटाले में लिया था तुरन्त फैसला

विधानसभा के बहुचर्चित भर्ती घोटाले में स्पीकर ने तय समय सीमा के अंदर जॉच कर 250 तदर्थ लोगों को नौकरी से निकाल दिया था। लेकिन उमेश कुमार के मुद्दे पर खामोश रहीं। इस बीच, यह चर्चा भी आम रही कि सत्तारूढ़ दल से जुड़े कुछ ताकतवर लोग निर्दलीय उमेश कुमार को संरक्षण दे रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा के डिप्टी सेक्रेट्री हेम पंत ने स्पीकर ऋतु खण्डूड़ी के निर्देशों का हवाला देते हुए 7 मई 2025 को भाजपा नेता व याचिकाकर्ता रविन्द्र पनियाला व निर्दलीय विधायक को शपथ पत्र के साथ मौखिक व दस्तावेजी सबूत पेश करने को कहा है। विस सचिवालय ने यह पत्र अंग्रेजी में जारी किया है।

### तीन साल बाद 7 मई 2025 को जारी किया नोटिस

उल्लेखनीय है कि उत्तराखण्ड में दल बदल से जुड़े पुराने मामलों का तत्कालीन स्पीकर ने कुछ महीनों /दिनों में ही निस्तारण कर दिया था। 2021–22 में दल बदल कर भाजपा में जाने वाले विधायक प्रीतम पंवार, राजकुमार व रामसिंह कैड़ा को विधायकी से हाथ धोना पड़ा था। इससे पूर्व 2016 में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए नौ विधायकों को तत्कालीन स्पीकर गोविन्द सिंह कुंजवाल ने अयोग्य घोषित कर दिया था।

### सचिवालय तबादला नीति पर पूर्व अध्यक्ष ने उठाए सवाल

देहरादून। उत्तराखंड सचिवालय संघ के पूर्व अध्यक्ष दीपक जोशी ने सचिवालय तबादला नीति 2025 पर सवाल उठाए। मुख्य सचिव को पत्र भेज कर खामियों को गिनाया। कहा कि नीति लागू करने से पहले किसी भी तरह का कोई विचार विमर्श नहीं किया गया। बेहतर होता कि पहले सभी से विचार विमर्श करते हुए राय ली जाती। नीति को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाता। कहा कि इस नीति को भी पूरी तरह लागू करने पर भी संदेह है। बेहतर होता कि इस नीति को सचिवालय प्रशासन अपने ही अनुभागों से शुरू करता। कई सालों से अनुभागों में चली आ रही प्रभारी व्यवस्था को समाप्त किया जाता। अनुभागों में दोहरे चार्ज समाप्त किए जाते। नीति आने के बाद भी गुपचुप तरीके से तबादले जारी हैं। आज भी चेहरे देखकर तबादले किए जा रहे हैं। अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशासकीय विभागों के सचिवों के स्तर से हटा दिया जा रहा है। कहा कि तत्काल सभी खामियों को दूर किया जाए। दोहरे चार्ज समाप्त किए जाएं।

# सम्पादकीय

## पटरियों से विकास की गति

केंद्र सरकार और उत्तराखंड सरकार के बीच का सामान्य ए राज्य के कई क्षेत्रों में विकास के लिए सहायक सिद्ध हो रहा है। जहां कई बड़ी योजनाओं को केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड में शुरू किया गया है तो वहीं उत्तराखंड की सबसे महत्वाकांक्षी एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण ऋषिकेश करणप्रयाग रेल योजना 2026 तक पूरी होने की संभावनाएं है। रेलवे लाइन की इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन पर काम करने के लिए राज्य सरकार को औपचारिक सहमति पत्र भेजा है, जिस पर राज्य सरकार जल्दी मोहर लगाकर इस योजना को परवान चढ़ाएगी। उत्तराखंड सरकार की औपचारिक सहमति के बाद टनकपुरझ्रबागेश्वर रेललाइन पर जल्द काम शुरु हो सकता है। प्रस्तावित टनकपुर– बागेश्वर रेललाइन को कुमांउ क्षेत्र में रेल नेटवर्क विस्तार की दिशा में गेम चेंजर प्रोजेक्ट के रूप में देखा रहा है। करीब 170 किमी लंबी इस परियोजना के लिए फाइनल सर्वे का काम पूरा हो चुका है। अब अगले चरण में परियोजना पर राज्य सरकार से विचार विमर्श होना है। राज्य सरकार इस परियोजनाओं को शुरू करने के लिए केंद्र सरकार के संपर्क में थी जिसके फलीभूत परिणाम सामने आए हैं। अब लगभग यह तय है कि उत्तराखंड में एक और बड़ी रेल लाइन पहाड़ी मार्ग पर शुरू हो सकेगी और रेललाइन का धरातल पर उतरने का रास्ता साफ हो रहा है। वहीं ऋषिकेश झ्र कर्णप्रयाग रेललाइन पर भी युद्धस्तर पर काम चल रहा है, सामरिक महत्व की इस परियोजना का काम 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य लेकर सरकार चल रही है। यह दोनों ही रेल लाइन उत्तराखंड के विकास और सामरिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण है। टनकपुरझ्रबागेश्वर रेल लाइन बन जाने के बाद, कर्णप्रयाग झ्र बागेश्वर जैसे दो पर्वतीय शहरों को रेल नेटवर्क से जोड़कर, गढ़वाल– कुमांऊके बीच रेल सम्पर्क स्थापित होगा, तो वही सड़क मार्ग पर भी यात्रियों की निर्भरता कम होगी। उत्तराखंड को देश के दूसरे हिस्से से रेल लाइन के माध्यम से जोड़ने की प्रक्रिया अभी बाकी है जिसके तहत केंद्र सरकार ऋषिकेश–उत्तरकाशी और देहरादून – सहारनपुर रेलवे लाइनों की डीपीआर भी तैयार कर रही है। 81 किमी लंबी देहरादून झ्रसहारनपुर शाकुंभरी देवी मंदिर के रास्ते से होकर गुजरेगी। यह रेललाइन सहारनपुर से देहरादून के हर्रावाला रेलवे स्टेशन तक बिछेगी। इसमें 11 किमी लंबी सुरंग भी शामिल है। उत्तराखंड में रेल लाईन नेटवर्क के विकास का यह दौर भविष्य के विकास की गति को भी रफ्तार प्रदान करेगा तो वहीं एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए लोगों को बेहतर सुविधाओं के साथ विकल्प चुनने की स्वतंत्रता भी मिलेगी।

# हिमाचल शासन जैसे रुख की आवश्यकता

**वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली**

18 अगस्त, 2023 में जल विद्युत परियोजनाओं द्वारा मनमाने ढंग से पानी छोड़े जाने से जुड़े सुरक्षा मुददों को गंभीरता से लेते हुए एक विशेष बैठक में राज्य के तत्कालीन मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने जब अधिकारियों को बांध सुरक्षा अधिनियम, 2019 और केंद्रीय जल आयोग के 2015 के दिशा–निर्देशों का उल्लंघन कर पानी छोड़ने वाली परियोजनाओं को वैधानिक नोटिस देकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे तो उनका ऐसा करना पूरे देश के संदर्भ में अनुकरणीय माना गया था।

पानी और सामाजिक क्षेत्र में काम करने वालों ने इसे सराहा था। असामान्य बाढ़ों और आपदाओं से जूझते हिमाचल में परियोजनाओं से छोड़े गए पानी से राज्य में सार्वजनिक और निजी संपत्तियों, सड़कों और खेती के नुकसान–जोखिम बढ़ने की भी आशंका थी। तब पाया गया कि राज्य में अस्सी प्रतिशत से ज्यादा जल विद्युत परियोजनाएं ऐसी हैं जो इन विनियमनों का पालन नहीं कर रही थीं। लगभग दो साल बाद देश में ही जल विद्युत परियोजनाओं से जनहानि के इस पहलू को बरसात में चर्चा में लाना प्रासंगिक होगा।

डैम सेफ्टी बिल में बांध के गलत प्रबंधन या बांध की क्षति या टूट से नीचे के क्षेत्र में जान–माल और पर्यावरणीय तथा सामाजिक हानियों से सुरक्षा संबंधी कार्यकारी सुझाव और निर्देश हैं। हानियां बांध की ऊंचाई, भंडारण क्षमता, पानी का वेग, पानी के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचने के समय, जनसंख्या आदि पर भी निर्भर करेंगी।

बिना चेतावनी पानी छोड़े जाने की देश के सर्वाधिक दुखद हादसों में से एक हिमाचल में 8 जून, 2014 में हुआ था। मंडी जिले में लारजी बांध से अचानक छोड़े गए पानी से हैदराबाद के एक इंजीनियरिंग कॉलेज के 24 छात्र–छात्राएं ब्यास नदी के बढ़े तेज बहाव में बह गए थे। पूरा देश इस हादसे से हतप्रभ रह गया था। लार जी बांध परियोजना की सुरंग चार किमी. से ज्यादा लंबी है। चरम बिजली उत्पादन की जल आवश्यकता के कारण नदी लगभग सूखी दिखती है।

पानी न के बराबर देख ही छात्र–छात्राएं नदी में फोटू खींच–खिंचवा रहे थे। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने छात्र–छात्राओं की मृत्यु का कारण लार जी बांध का हत्यारा सा व्यवहार माना था। इन्हीं संदभरे में बांध जलाशयों की निगरानी, निरीक्षण, कार्यान्वन और रखरखाव तथा चेतावनी पणालियों को सुचारु करने के लिए कुछ निर्देश भी तय हुए थे। इनके सही पालन पर मुख्य सचिव ने 18 अगस्त को भी जोर दिया था।

रन ऑफ रिवर हो या जलाशय आधारित, बिजली परियोजना, सबमें ज्यादा बिजली की मांग होने या अन्य कारण लंबी–लंबी अवधि तक नदियां लगभग जलविहीन हो जाती हैं। लक्षित उत्पादन पाने के लिए रखरखाव के बाद त्वरित पानी छोड़ दिया जाता है। ऐसे में हादसे हो जाते हैं। मवेशी भी हताहत हो जाते हैं।

उत्तराखंड में उत्तरकाशी और ऋषिकेश से सालोंसाल घाटों या सूखे टापुओं में बैठे लोगों में अचानक परियोजनाओं से पानी छोड़े जाने से अफरातफरी या आम जन, छात्र और पर्यटकों के नदी में बहने के समाचार आते रहते हैं। बाहर से आए लोगों के लिए स्थानीय स्थितियां भी अनजानी होती हैं। ऋषिकेश में रिवर राफ्टिंग की दुर्घटनाओं के संदर्भ में कुछ अनुभवी विषेषज्ञ तो यह भी कह चुके हैं कि ऊपर पहाड़ों की बांध परियोजनाओं द्वारा मनमाने ढंग से पानी छोड़े जाने से ही ऐसे जोखिम बढ़े हैं क्योंकि ऐसे में अचानक सामान्य धाराओं और लहरों में भी असामान्य बदलाव हो जाता है।

पानी न के बराबर देख ही छात्र–छात्राएं नदी में फोटू खींच–खिंचवा रहे थे। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने छात्र–छात्राओं की मृत्यु का कारण लार जी बांध का हत्यारा सा व्यवहार माना था। इन्हीं संदभरे में बांध जलाशयों की निगरानी, निरीक्षण, कार्यान्वन और रखरखाव तथा चेतावनी पणालियों को सुचारु करने के लिए कुछ निर्देश भी तय हुए थे। इनके सही पालन पर मुख्य सचिव ने 18 अगस्त को भी जोर दिया था। रन ऑफ रिवर हो या जलाशय आधारित, बिजली परियोजना, सबमें ज्यादा बिजली की मांग होने या अन्य कारण लंबी–लंबी अवधि तक नदियां लगभग जलविहीन हो जाती हैं। लक्षित उत्पादन पाने के लिए रखरखाव के बाद त्वरित पानी छोड़ दिया जाता है। ऐसे में हादसे हो जाते हैं। मवेशी भी हताहत हो जाते हैं। उत्तराखंड में उत्तरकाशी और ऋषिकेश से सालोंसाल घाटों या सूखे टापुओं में बैठे लोगों में अचानक परियोजनाओं से पानी छोड़े जाने से अफरातफरी या आम जन, छात्र और पर्यटकों के नदी में बहने के समाचार आते रहते हैं। बाहर से आए लोगों के लिए स्थानीय स्थितियां भी अनजानी होती हैं। ऋषिकेश में रिवर राफ्टिंग की दुर्घटनाओं के संदर्भ में कुछ अनुभवी विषेषज्ञ तो यह भी कह चुके हैं कि ऊपर पहाड़ों की बांध परियोजनाओं द्वारा मनमाने ढंग से पानी छोड़े जाने से ही ऐसे जोखिम बढ़े हैं क्योंकि ऐसे में अचानक सामान्य धाराओं और लहरों में भी असामान्य बदलाव हो जाता है।



उत्तरकाशी में स्थानीय बिजली परियोजना या बैराज से छोड़े गए पानी से हादसों और हानियों के बीच 2007 नवम्बर में उत्तरकाशी में स्थानीय जन धरने पर भी बैठे थे। उनकी मांग थी कि मनेरी भाली जलविद्युत परियोजना की आपदा प्रबंधन योजना और पानी छोड़ने की प्रक्रिया सार्वजनिक की जाए। हिमाचल हादसे के बाद ही झारखंड में भी बिना चेतावनी बांध से पानी छोड़े जाने के कारण पांच छात्रों को अथाह जलराशि ने लील लिया था।

मनमानापन पानी छोड़ने का ही नहीं है, पानी न छोड़ने में भी होता है। मई, 2023 में ही हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने मंडी की एक संस्था की जनहित याचिका पर विचार किया था। इसमें कहा गया था कि पंदोह और बरोत बांधों से ब्यास और उह्ल नदियों में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के 9 अगस्त, 2017 के आदेशों के अनुसार बांधों से नदियों में 15–20 प्रतिशत पानी छोड़ा जाना है। पानी न छोड़े जाने से प्रदूषण, पेयजल बीमारी की आशंका, जलचर पर असर की समस्या बढ़ी हैं।

27 मार्च, 2023 से नाममात्र का पानी छोड़ा जा रहा है। बांध वाले गलत आंकड़े दे रहे हैं। इस पर मुख्य सचिव को भी नोटिस जारी किया गया था। जून, 2013 की केदार आपदा में भी विष्णुप्रयाग बांध के सभी गेट समय पर न खोले जाने के कारण आसपास के क्षेत्र में आपदा बढ़ने के आरोप लगे थे। श्रीनगर बांध परियोजना पर भी बिना चेतावनी सारे गेटों को खोलने से श्रीनगर पर 16 जून को तबाही लाने के आरोप लगे थे।

उन्नीस सौ अस्सी के दशक में एक जनहित याचिका के परिप्रेक्ष्य में सुप्रीम कोर्ट ने टिहरी बांध को अपनी आपदा प्रबंधन कार्ययोजना बनाने को कहा था। समय आ गया है कि बाढ़ और भूस्खलनग्रस्त उत्तराखंड में केंद्र और राज्य सरकार टिहरी बांध परियोजना को अपनी आपदा प्रबंधन कार्ययोजना को सामयिक परिप्रेक्ष्य में जनता से साझा करने को कहें। जल विद्युत्त परियोजनाओं पर आक्रोश तब ज्यादा हो जाता है जब वे विद्युत उत्पादन के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी जमा करने के दौरान आगे के क्षेत्रों की मौलिक जरूरतों के लिए भी पानी छोड़ने में आनाकानी करती हैं। हिमाचल शासन जैसे रुख की आवश्यकता सारे देश में महसूस की जा रही है।

खासकर उत्तराखंड में। जरूरत यह भी है कि बांध जलाशय, जलविद्युत गृह और बाढ़ चेतावनियां देने वाले तंत्र में अच्छा समन्वय हो वरना होता तो यही है कि चेतावनियों के नाम पर कुछ जगह तो नदी किनारों पर परियोजना से पानी छोड़े जाने और कभी जलस्तर बढ़ने पर सावधानी बरतने के बोर्ड ही दिखते हैं लेकिन ट्रैफिक और वैसी ही अन्य ध्वनियों के कारण शायद चेतावनियां अनसुनी रह जाती हैं।

# अधिकांश देशों के लिए टेढ़ी खीर ट्रंप की टैरिफ रणनीति

**प्रो. लल्लन प्रसाद**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ रणनीति ने वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता का वातावरण पैदा कर दिया है। आयात–निर्यात पर लगने वाली ड्यूटी के ऊपर अमेरिका के साथ समझौता करना अधिकांश देशों के लिए टेढ़ी खीर बन गया है। ट्रंप के लिए अमेरिका पहले बाकी सब बाद में। अपने दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति पद की शपथ लेते हुए उन्होंने जो बातें कही थी उन पर तेजी से अमल कर रहे हैं।

उन्होंने कहा था कि व्यापार, टैक्स, इमीग्रेशन और विदेशी मामलों में जो नीतियां अपनाई जाएंगी उसमें अमेरिका के लोगों के हित को प्राथमिकता दी जाएगी। अपने देशवासियों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा था कि अमेरिका में बनी चीजे खरीदें और अमेरकिंस को नौकरी दें, अमेरिका को फिर से पहले की तरह, शक्तिशाली, संपन्न और गौरवशाली राष्ट्र बनाएं। अमेरिका का व्यापार घाटा दिनों दिन बढ़ता जा रहा है इस स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने टैरिफ नीति में व्यापक परिवर्तन की घोषणा कर दी। अधिकांश देशों के साथ घाटे में व्यापार को रोकने के लिए आयात पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की जिसने अधिकांश राष्ट्रों को समझौते के टेबल पर बैठने को मजबूत कर दिया, इसमें छोटे और बड़े सभी राष्ट्र शामिल हैं। आर्थिक दृष्टि से पिछड़े और छोटे राष्ट्रों ने उनकी बात आसानी से मान ली, किंतु विकसित और कई विकासशील देशों ने इसका का विरोध किया।

कुछ राष्ट्रों के साथ समझौता हो चुका है किंतु अभी बड़ी संख्या में ऐसे राष्ट्र हैं जो उनके द्वारा प्रस्तावित टैरिफ मानने को तैयार नहीं हैं। अमेरिका में रह रहे प्रवासी नागरिक जो अपने आमदनी का कुछ हिस्सा अपने देश में अपने परिवार के लोगों को भेज रहे थे; उस पर पहली बार टैक्स लगाया गया। अमेरिकी इमीग्रेशन नीति में व्यापक परिवर्तन किया गया। अमेरिकी कंपनियों द्वारा विदेशियों की नियुक्ति पर अंकुश लगाए जा रहे हैं। कंपनियों से कहां जा रहा है कि वह दूसरे देशों में अपने प्लांट न लगाकर अमेरिका में ही उत्पादन करें। शुरू में उन्होंने जो टैरिफ रेट प्रस्तावित किए उनमें कंबोडिया, लॉओस, म्यांमार, बांग्लादेश, सर्बिया, थाईलैंड, बोस्निया, इंडोनेशिया और साउथ अफ्रीका को 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत एवं ट्यूनीशिया, कजाकिस्तान, साउथ कोरिया, जापान और मलेशिया को 25 प्रतिशत से 29 प्रतिशत के ब्रैकेट में शामिल किया। न्यूनतम टैरिफ पहले 10 प्रतिशत रखा था बाद में इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया। टेढ़ी उंगली से घी निकालने की नीति अपनाई, पहले जो तारीख तय किया उससे कुछ देश उनके आगे झुक गए, फिर उन्होंने 1 अगस्त की तारीख दी है जिसके बाद भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। अप्रैल 2025 में अमेरिकी प्रशासन ने वादा किया था 90 दिन में 90 देशों के साथ समझौता कर लेंगे, लेकिन अब तक मात्र पांच देशों के साथ अमेरिका का टैरिफ समझौता हो सका जिसमें ब्रिटेन, जापान, इंडोनेशिया और फिलीपींस शामिल हैं।

यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के साथ अभी तक समझौता नहीं हो पाया, ट्रंप के ही शब्दों में उन देशों के साथ समझौते के 50–50 परसेंट चांस है। ब्रिक्स देशों पर ट्रंप ने 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा की क्योंकि उनके अनुसार ये देश अमेरिकी हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं। अमेरिकी डॉलर को ट्रंप दुनिया के मुद्राओं का बादशाह मानते हैं और इसको चुनौती देने वाले सभी देशों के ऊपर अतिरिक्त टैरिफ की धमकी दे रहे रहे हैं। ब्राजील के ऊपर तो उन्होंने 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने तक की धमकी दे दी है जिसका वहां के राष्ट्रपति ने विरोध किया है। बदले में अमेरिकी वस्तुओं पर भी 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात की। बाहर से आयात होने वाली वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा भारी टैरिफ लगाने या प्रतिबंधित करने से बहुत से राष्ट्रों को भारी नुकसान की आशंका है जो उनके मुख्य उत्पाद हैं और जिनका अमेरिका में बड़ी मात्रा में अब तक आयात होता रहा है, जैसे टेक्सटाइल्स, गारमेंट्स, लेदर प्रोडक्ट्स, जेम्स एवं ज्वेलरी, फार्मा प्रोडक्ट्स, ऑटो पार्ट्स और व्हीकल्स आदि। जिन चीजों की अमेरिका में उनकी जरूरत से अधिक पैदावार है जैसे कृषि और डेयरी पदार्थ उनके लिए ट्रंप चाहते हैं कि दुनिया के और देश अपना बाजार अमेरिका के लिए पूरी तरह से खोल दें, भारत पर भी जिसके लिए दबाव डाल रहे हैं।

भारत के 33 अरब डॉलर के र प्रतिशत और आभूषण निर्यात में अमेरिका का हिस्सा 30 प्रतिशत है। अमेरिका के जेनेरिक दवा आयत के 47 प्रतिशत हिस्से की आपूर्ति भारत करता है। अमेरिका से भारत मुख्य रूप से खिनज ईधन, पेट्रोलियम उत्पाद, मोती, कीमती पत्थर, परमाणु रिएक्टर मशीनरी और विद्युत मशीनरी के अलावा चिकित्सा उपकरण, धातुएं सिक्के, वस्त्र और लोहे, इस्पात और अल्युमिनियम की वस्तुएं भी आयात करता है 2030 तक दोनों देशों के बीच में 500 बिलियन डॉलर के व्यापार का लक्ष्य रखा गया है, 2024 में दोनों देशों के बीच 129 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ हुआ था, अमेरिका का व्यापार घाटा भारत के साथ 48 बिलियन डॉलर था।

# द राजा साब से सामने आई संजय दत्त की पहली झलक



बॉलीवुड के मुन्ना भाई उर्फ संजय दत्त के 66वां जन्मदिन दिन के खास मौके पर परिवार, दोस्त, यार और इंडस्ट्री के लोग उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं. इसी कड़ी में द राजा साब मेकर्स ने अपने फिल्म से संजय दत्त का नया पोस्टर जारी कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है. पोस्टर में संजू बाबा का नया लुक देख फैंस फिल्म में उनके किरदार को देखने के लिए एक्साइटेड हो गए हैं. द राजा साब, प्रभास की अगली बड़ी फिल्म है. मारुति की निर्देशित इस हॉरर कॉमेडी में प्रभास अहम भूमिका में है. उनके साथ निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन और रिद्धि कुमार लीड एक्ट्रेस के तौर पर नज भूमिकाओं में हैं. बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त दि राजा साब में प्रभास के दादा की भूमिका निभा रहे हैं. संजू बाबा के जन्मदिन के अवसर पर मेकर्स ने उनका एक पोस्टर जारी किया है. पोस्टर में संजय दत्त को एक वृद्ध अवतार में दिखाया गया है. उनके लंबे सफेद बाल उनके जर्जर चेहरे को घेरे हुए हैं. वे मकड़ी के जाले और एक धुंधले, जर्जर कमरे में खड़े नजर आ रहे हैं. यह भयावह सेटिंग फिल्म के भयावह लहजे की ओर इशारा करती दिख रही है, जिससे पता चलता है कि संजय दत्त एक रोंगटे खड़े कर देने वाला किरदार निभाने के लिए तैयार हैं. द राजा साब के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर संजय दत्त का पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा है, द राजा साब की टीम, पावरहाउस और बहुमुखी प्रतिभा के धनी संजू बाबा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं. इस 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में एक ऐसी खौफनाक उपस्थिति देखने के लिए तैयार हो जाइए जो आपको अंदर से हिला देगी.

# दिव्या देशमुख का नागपुर में हुआ जोरदार स्वागत

नागपुर, महिला शतरंज विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख 30 जुलाई की देर रात नागपुर पहुंची, जहां उनका हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया. दिव्या के स्वागत के लिए प्रशंसक की हवाई अड्डे पर काफी ज्यादा भीड़ जमा हो गई थी. जब दिव्या एयरपोर्ट से बाहर आई तो उनका फूलों की माला और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया. दिव्या देशमुख ने महिला चेस वर्ल्ड कप में अपने हमवतन खिलाड़ी कोनेरू हम्पी को हराकर यह उपलब्धि हासिल की है. दिव्या की यह सफलता कई मायनों में खास रही. परिणामस्वरूप, हजारों नागपुरवासी और छात्र दिव्या का उत्साह बढ़ाने के लिए एकत्रित हुए. दिव्या के माता–पिता और रिश्तेदार भी हवाई अड्डे पर मौजूद थे. दिव्या ने हवाई अड्डे पर आए सभी लोगों का अभिवादन के लिए धन्यवाद भी किया. जॉर्जिया के बटूमी में फिडे शतरंज विश्व कप का खिताब जीतने के बाद दिव्या देशमुख का नागपुर हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया. इस अवसर पर दिव्या ने कहा, इतने सारे लोगों को यहां देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है. लेकिन उन्होंने अपनी सफलता का क्रेडिट अपनी माता पिता को दिया और कहा कि मेरी ये सफलता मेरे माता–पिता, परिवार और मेरे पहले कोच की बदौलत है. सभी के सहयोग से मैं यहां तक पहुंच पाई हूं.

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय युवा टीम का हुआ ऐलान

### 17 वर्षीय बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को बनाया गया कप्तान

नईदिल्ली, इंग्लैंड में शानदार खेल का प्रदर्शन करने के बाद भारतीय युवा टीम अब ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली है. जो अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों के लिए एक कठिन लेकिन मूल्यवान अनुभव होने की उम्मीद है. इस दौरे पर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलियाई अंडर–19 टीम के खिलाफ तीन एकदिवसीय और दो चार दिवसीय मैच खेलेगी. ये सीरीज 21 सितंबर से शुरू होने वाली है. जिसके लिए भारतीय अंडर–19 टीम का ऐलान भी कर दिया गया है. आयुष म्हात्रे अंडर–19 टीम की कमान संभालेंगे, जो इंग्लैंड में अपनी हालिया सफलता को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे. म्हात्रे ने



इंग्लैंड के खिलाफ युवा टेस्ट मैचों में चार पारियों में 340 रन बनाकर शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में समापन किया, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल हैं. इसके अलावा विहान मल्होत्रा को उप–कप्तान बनाया गया है, उन्होंने इंग्लैंड में दोनों प्रारूपों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया. उन्होंने युवा वनडे में 243 रन बनाए और इसके बाद टेस्ट मैचों में 277 रन बनाए, जिससे उनके दृढ़ स्वभाव और निरंतरता का परिचय मिला.

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय युवा टीम में 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी शामिल किया गया हैं, जिन्होंने इंग्लैंड दौरे पर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था. उन्होंने पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 355 रन बनाए, जिसमें युवा एकदिवसीय इतिहास का सबसे तेज शतक भी शामिल है. इसके अलावा चयनकर्ताओं ने एक संतुलित टीम चुनी है, जिसमें बल्लेबाजी विकल्पों के साथ–साथ एक बहुमुखी गेंदबाजी इकाई का भी मिश्रण है.

# रजनीकांत—आमिर खान की कुली का ट्रेलर 2 अगस्त को होगा रिलीज



दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाका करने को तैयार हैं। उनकी आने वाली फिल्म 'कुलीझ् को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। फिल्म में आमिर खान भी नजर आने वाले हैं, जिसके बाद लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। अब फिल्म के ट्रेलर को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ गया है। इसी के साथ फिल्ममेकर्स ने नया पोस्टर भी जारी कर दिया है जिसमें पूरी स्टारकास्ट नजर आ रही है। फिल्म का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर लोकेश कनगराज कर रहे हैं और इसे सन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है। ट्रेलर की तारीख 2 अगस्त तय की गई है, जबकि फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म कुली सिर्फ रजनीकांत की वजह से ही नहीं, बल्कि इसकी बड़ी स्टारकास्ट के चलते भी चर्चा में है।

# मेगास्टार चिरंजीवी की बड़ी फिल्म विश्वंभरा में दिखेंगे रिकॉर्ड तोड़ वीएफएक्स सीन

मेगास्टार चिरंजीवी की बहुप्रतीक्षित फिल्म विश्वंभरा अब पोस्ट–प्रोडक्शन के आखिरी दौर में है। यह एक बड़ी सोशल–फैंटेसी फिल्म है जिसे देखने में दर्शकों को बहुत मजा आने वाला है। इस फिल्म में इतने शानदार वीएफएक्स सीन होंगे, जो अब तक किसी भारतीय फिल्म में नहीं देखे गए। यह फिल्म देखने वालों को एक नया अनुभव देने वाली है। इस फिल्म पर टॉलीवुड, बॉलीवुड और हॉलीवुड के बड़े–बड़े वीएफएक्स स्टूडियो मिलकर काम कर रहे हैं। वे हर सीन पर बहुत मेहनत कर रहे हैं ताकि फिल्म के विजुअल्स इंटरनेशनल लेवल के हों। इंडस्ट्री के लोग कह रहे हैं कि विश्वंभरा एक बहुत ही बड़ी फिल्म साबित होने वाली है और यह इंतजार करने लायक है। इस फिल्म को बिंबिसार फिल्म के डायरेक्टर वशिष्ठ बना रहे हैं। विश्वंभरा उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। यूवी क्रिएशंस इस फिल्म को बड़े बजट में बना रही है ।

# गौतम गंभीर और ली फोर्टिस विवाद पर इरफान पठान का फूटा गुस्सा

### —बोले—अंग्रेज कर सकते हैं भारतीय नहीं...

नईदिल्ली, भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां मैच अब से कुछ ही घंटों बाद लंदन के द ओवल क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाने वाला है. इस मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर के साथ एक विवाद जुड़ा था. उनका ओवल के पिच क्यूरेटर ली फोर्टिस के साथ झगड़ा हुआ था.



दरअसल, मंगलवार को टीम इंडिया ओवल में ऑप्शनल प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लेने पहुंची थी. इस दौरान गौतम गंभीर जब पिच का मुआयना करने के लिए पहुंचे तो पिच क्यूरेटर ने मैसेज भेजा की भारतीय दल के लोग पिच से 2.5 मीटर दूर रहें. इस बात का भारतीय कोच और दल के लोगों को बुरा लगा.

इसका साफ मतलब था कि वो भारतीय कोच और खिलाड़ियों को पिच देखने से रोकना चाहते थे. इसके बाद गंभीर उन पर पूरी तरह से बरस पड़े और कहा कि तुम पिच क्यूरेटर हो तुम हमें मत बताओ कि हमें क्या करना है और क्या नहीं करना है. इसके बाद ये पूरा विवाद काफी गहरा गया और दोनों की बीच जमकर गर्मागर्मी हुई.

अब इस पूरे विवाद पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने भी बड़ा बयान दिया है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, क्या एक अंग्रेज पिच पर जाकर उसे देख सकता है और एक भारतीय नहीं. क्या हम अब भी कोलिनियम युग में जी रहे हैं और फंसे हुए हैं.

इस घटना के बाद जब इंग्लैंड टीम ओवल में अभ्यास के लिए पहुंची तो उनके कोच और खिलाड़ी पिच का मुआयना करते हुए नजर आए. ऐसे में इरफान ने अपने बयान से इंग्लिश बोर्ड पर सवाल उठाए हैं, जबकि इंग्लैंड क्रिकेट टीम को भी तंज कसा है.

## एक नजर

### आक्रोशित लोगों ने कूड़े के वाहन रोके

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर के नर्सरी रोड पर बने अस्थाई ट्रंचिंग ग्राउंड से आने वाली दुर्गन्ध एवं बदहाल स्थिति में संचालित मार्ग को लेकर गुरुवार को स्थानीय लोगों ने निगम प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। विरोध स्वरूप स्थानीय लोगों ने नगर निगम के अस्थायी ट्रंचिंग ग्राउंड से कचरा ले जा रहे निगम के वाहनों को मौके पर ही रोक दिया। इस दौरान आक्रोशित स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन से जल्द मार्ग को सुदृढ़ करने और कूड़े से उठने वाली दुर्गंध से निजात दिलाने की मांग की। स्थानीय निवासी जय लाल, आनंद सिंह भंडारी, दिनेश चौहान ने बताया कि नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण सड़क मार्ग पर जगह-जगह कीचड़ और जल भराव की स्थिति बनी हुई है। कहा कि बरसात होने पर सारा गंदा पानी लोगों के घरों के अंदर घुस रहा है, जिससे कई लोग घरों को खाली कर अन्य जगह शिफ्ट हो गये हैं। स्थानीय निवासी गीता देवी, राधा देवी ने कहा कि निगम द्वारा ट्रंचिंग ग्राउंड में मिट्टी डालने के साथ-साथ बाहरी सड़क पर भी मिट्टी फैलाई गई, जिससे सड़क का स्तर घरों के स्तर से ऊंचा हो गया है। अब बारिश के दौरान सड़क से बहता पानी घरों में घुस रहा है। सड़क पर मिट्टी और पानी जमा होने के कारण कीचड़ और मलबा बन गया है, जिससे दुपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कहा कि जल्द समस्या का समाधान नहीं होता है तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर पहुंचे नगर निगम के सफाई निरीक्षक शशि पंवार ने बताया कि यहां पर पहले से ही जल भराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए मिट्टी डाली गई थी, लेकिन बारिश के पानी की निकासी न होने के कारण कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो गई है। (एजेंसी)

### समाज को नशामुक्त बनाने के लिए एकजुट होने का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : समाज में लगातार बढ़ रहे नशे की प्रवृत्ति पर ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच ने चिंता व्यक्त की है। कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए मंच की ओर से अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान समाज को नशामुक्त बनाने के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया गया।

समाज सेवी प्रकाश कोठारी के जन्म दिन पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार मंच के अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी ने कहा कि समाज में लगातार नशे की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। नशा एक समाजिक बुराई है। इसके खिलाफ हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। समाज सेवी सत्यप्रकाश थपलियाल ने कहा कि हमें अपने बच्चों को बेहतर संस्कार देने चाहिए। जिससे वह समाजिक हित में अपना योगदान दें। नागरिक मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी ने शादी समारोह व अन्य कार्यों में बढ़ रहे शराब के चलन पर चिंता व्यक्त की। कहा कि नशे के खिलाफ शासन-प्रशासन को भी गंभीरता से कार्य करना चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष पीएल खंतवाल, शिव प्रकाश कुकरेती, डा. रमाकांत कुकरेती, अन्नपूर्णा जोशी, एसएन नौटियाल, इंद्रमणि देवरानी, शंकर दत्त गौड़, सुदीप बौंठियाल, सुनील नवानी आदि मौजूद रहे। गोष्ठी का संचालन जनार्दन प्रसाद ध्यानी ने किया।

### सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले पिता-पुत्र को भेजा जेल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : अतिक्रमण हटाने के दौरान टीम पर हमला करने, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने सहित सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त करने वाले पिता-पुत्र को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पिता-पुत्र को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है। गुरुवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 29 जुलाई को नायब तहसीलदार मनोहर सिंह नेगी ने कोतवाली में तहरीर दर्ज कराते हुए बताया कि मानपुर में अतिक्रमण को हटाने के दौरान स्थानीय निवासी विजयपाल सिंह एवं उनके पुत्र अमित खत्री द्वारा चार-पांच अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर अतिक्रमण को रोकने के साथ ही अतिक्रमण हटाने गई टीम के साथ गाली गलौज करने व जान से मारने की धमकी दी। साथ ही सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले दोनों आरोपियों विजयपाल सिंह पुत्र भूपाल सिंह निवासी मानपुर कोटद्वार और अमित खत्री पुत्र विजयपाल सिंह निवासी मानपुर कोटद्वार को बुधवार सांय को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने के पश्चात जिला कारागार पौड़ी भेजा दिया गया है।

# सब्जियों के बढ़े दाम, बिगड़ा रसोई का बजट



| सब्जी | एक सप्ताह पूर्व भाव | सब्जियों के भाव (रुपये प्रति किलो) |
|---|---|---|
| टमाटर | 30 | 80 |
| फूलगोभी | 60 | 80–100 |
| शिमलामिर्च | 70 | 100 |
| बींस | 60 | 80 |
| आलू | 30 | 40 |
| लौकी | 20 | 30 |

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : वर्षाकाल में सब्जियों के दाम दोगुने हो गए हैं। पिछले एक सप्ताह से लगातार सब्जियों के दामों में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। कुछ दिन पूर्व तीस रुपये किलो बिकने वाला टमाटर 80 रुपये पहुंच गया है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी गरीब परिवारों को हो रही है। सब्जी के बढ़ते दामों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है।

कोटद्वार शहर में अधिकांश सब्जी उत्तर प्रदेश सहित अन्य मैदानी क्षेत्रों से आती है। ऐसे में मैदानी क्षेत्रों में हो रही वर्षा ने शहर में सब्जियों के दाम बढ़ा दिए हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि वर्षा के कारण खेतों में फसल खराब हो जाती है, जिससे थोक मंडियों में सब्जियों की कमी होने से दाम बढ़ जाते है। बताया कि वर्षाकाल में अभी सब्जियों के दाम और अधिक बढ़ सकते हैं। दाम बढ़ने से उपभोक्ता कम ही मात्रा में सब्जी खरीद रहे हैं। गृहणी शांति देवी, मुन्नी देवी ने बताया कि बाजार में प्रतिदिन सब्जी के बढ़े हुए दाम आ रहे हैं, जिससे रसोई का बजट बिगड़ गया है। महंगाई पर नियंत्रण रखने के लिए सरकार को योजना बनानी चाहिए। सब्जी हर परिवार की जरूरत होती है।

### सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

जयन्त प्रतिनिधि। लैन्सडाउन : गुरूवार को तहसील लैन्सडाउन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम समखाल के पास स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई। दुर्घटना में स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम समखाल तहसील लैन्सडाउन के पास एक व्यक्ति स्कूटी से अनियन्त्रित होकर गिर गया है, जिसमें स्कूटी सवार को गम्भीर चोटें आयी है। सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक अमित कुमार, हेड कांस्टेबल सम्पूर्ण सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों व राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मदद से घायल को उपचाल के लिए तत्काल राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जयहरीखाल ले गये, जहां पर चिकित्सक द्वारा व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की शिनाख्त जगदीश चन्द्र जोशी पुत्र लीलाधर जोशी निवासी शिवराजपुर, देवरामपुर, कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल के रूप में हुई है। घटना के सम्बन्ध में मृतक के परिजनों के सूचना दी गयी। राजस्व उपनिरीक्षक द्वारा पंचायतनामा आदि की कार्यवाही की जा रही है।

# भारत सिंह के परिवार को मुआवजा देने की उठाई मांग

### कहा कि नगर निगम के वाहन चालक की लापरवाही से हुई भारत सिंह की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम क्षेत्र के उदयरामपुर निवासी भारत सिंह के परिवार को मुआवजा देने की मांग उठाई है।

इस संबध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री, प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष व सचिव शहरी विकास मंत्रालय उत्तराखंड शासन को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर निगम के कूड़ा वाहन चालक की लापरवाही के कारण भारत सिंह को अपनी जान गंवानी पड़ी। कहा कि भारत सिंह को उसके घर के बाहर ही कूड़ा वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिस पर वे घायल हो गए थे। घायलावस्था में उन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। कहा कि भारत सिंह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। 25 जुलाई को जब वे अपने घर से काम पर निकल रहे थे, तभी कूड़ा वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। घायलावस्था में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कहा कि मेहनत मजदूरी कर अपना पेट पालने वाला परिवार अब आजीविका के लिए जूझ रहा है। ज्ञापन में मृत व्यक्ति के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा देने, परिवार के पात्र परिजन को निगम में नियुक्ति देने और आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है।

उन्होंने मांगों पर कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने वालों में देवेंद्र कुमार, बलबीर सिंह रावत, भारत सिंह नेगी, लक्ष्मी चौहान, नरेंद्र सिंह नेगी, नईम अहमद, श्रीधर प्रसाद बेदवाल, रोहित रावत, चन्द्र मोहन रावत, योगंबर सिंह नेगी, डा.विनोद नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### छात्रों ने वैज्ञानिक सोच का किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्रीकोट गंगानाली में गुरुवार को आयोजित विज्ञान महोत्सव में स्कूली छात्र-छात्राओं ने मॉडलों को तैयार कर वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 561 छात्र-छात्राओं ने 71 मॉडल और विज्ञान पर आधारित भव्य रंगोली बनाई। महोत्सव में पहुंचे अतिथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों की खूब सराहना की। बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के गणित विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. डीएस नेगी ने कहा कि छात्र-छात्राओं के विज्ञान प्रदर्शनी में जितने भी प्रोजेक्ट हैं सभी सराहनीय है। विज्ञान से ही विकास संभव है। प्रो. आरएस फर्त्याल ने कहा कि छात्रों के लिए विज्ञान की शिक्षा जरूरी है। विज्ञान के सहारे ही देश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य भीमराज बिष्ट ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन विरेंद्र रावत ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक भौतिक विज्ञान विभाग के प्रवक्ता सुनील नौटियाल, किरन भट्ट, रिया, पुरुषोत्तम गैरोला, कृष्ण किशोर भंडारी, तेजपाल नेगी, सुरेंद्र बमराड़ा, मुकेश नेगी, सच्चिदानंद, आरती, सिमरन आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# आपसी भाईचारे, शांति एवं सामाजिक एकता को प्राथमिकता दें

### जिलाधिकारी एवं एसएसपी पौड़ी ने मतगणना केंद्रों का किया निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के परिणामों की घोषणा गुरूवार को हो गई है। जनपद पौड़ी के सभी 15 ब्लॉकों में मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप सम्पन्न हो गई है। एसएसपी ने मतगणना समाप्ति के पश्चात सभी नागरिकों से अपील है कि वे आपसी भाईचारे, शांति एवं सामाजिक एकता को प्राथमिकता दें। किसी भी प्रकार के उत्तेजक व्यवहार, भड़काऊ नारों या शक्ति प्रदर्शन से परहेज करें। कहा कि विजय के साथ विनम्रता और हार के साथ सद्भावना का भाव लोकतंत्र की सबसे सुंदर तस्वीर पेश करता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी पौड़ी श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने विभिन्न मतगणना केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने मतगणना स्थलों पर नियुक्त कर्मचारियों एवं सुरक्षाबलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसमें विशेष रूप से मतगणना केंद्रों के भीतर मोबाइल, कैमरा और किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध शामिल है। इसके अतिरिक्त मतगणना केंद्रों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण बनाए रखने हेतु लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। अधिकारियों ने कहा कि मतगणना समाप्ति के बाद विजय हुए प्रत्याशियों द्वारा निकाले जा रहे विजय जुलूस को शांतिपूर्वक व शालीनतापूर्वक निकाला जाय। इस दौरान यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाय।



जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी पौड़ी श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया मतगणना केंद्र का निरीक्षण करते हुए।

### वन भूमि हस्तांतरण प्रक्रियाओं में तेजी लाएं : डीएम

नई टिहरी : डीएम नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को टिहरी, घनसाली और कीर्तिनगर क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वन भूमि हस्तांतरण एवं क्षतिपूरक पौध रोपण से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

डीएम ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि परियोजना प्रस्ताव बनाते समय ही प्रस्तावित भूमि का राजस्व अभिलेख सुनिश्चित कर लें, जिससे प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में डीएम ने एसडीएम स्तर से भूमि प्रकार संबंधी प्रमाण पत्र प्राप्त कर वन विभाग से डीएसएस डेंसिटी रिपोर्ट संलग्न करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इससे भूमि की श्रेणी के अनुसार समयबद्ध निर्णय लिया जा सकेगा। डीएम ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अधीनस्थों के साथ बैठक कर एक ही दिन में सभी औपचारिकताएं पूर्ण करें।

# श्रीनगर डिपो की आय में हो रहा इजाफा

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड परिवहन निगम के श्रीनगर डिपो से दिल्ली और चंडीगढ़ के लिये संचालित होने वाली बसों में आई सवारियों की कमी अब धीरे-धीरे सुधरने लगी है। एक ओर जहां पर्वतीय डिपो की बसें क्षमता से कम 10 से 12 सवारियों को लेकर दिल्ली, चंडीगढ़ की ओर रवाना हो रही थी, वहीं अब बसें खचाखच भरकर मैदानी इलाकों की ओर रवाना हो रही हैं। बसों की सवारियों में आई कमी के कारण डिपो की प्रतिदिन आय में भी गिरावट आंकी जा रही थी, जो जुलाई माह के अंत तक पहले के मुकाबले मजबूत हुई है। श्रीनगर डिपो के अनुसार कांवड़ यात्रा के दौरान रूट डायवर्ट होने से दिल्ली जाने वाली बसें देहरादून, करनाल होते हुए स्टेशन पहुंच रही थी। इससे सवारियों को करीब 100 किमी. अधिक घूमकर जाना पड़ रहा था और 150 रुपये अधिक देने पड़ रहे थे। सवारियों ने लंबा रूट होने के कारण रोडवेज की बसों में यात्रा करने से दूरियां बनाई और यह स्थिति 11 से 23 जुलाई तक बनी रही। अब कांवड़ यात्रा के समापन के बाद बसों के रूट पूर्व की भांति संचालित किये जा रहे हैं। साथ ही 24 और 28 जुलाई को पंचायत चुनाव का मतदान होने से श्रीनगर डिपो से दिल्ली जाने वाली बसों में भी सवारियों की कमी देखी गयी। बीते मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को श्रीनगर डिपो से जाने वाली तीनों बसें पूरी सवारी के साथ दिल्ली और चंडीगढ़ के लिये रवाना हुई। श्रीनगर डिपो के लेखाकार अशोक काला ने बताया कि सवारियों में चल रही कमी की समस्या अब ठीक हुई है। कांवड़ यात्रा में रूट डायवर्ट हो जाने से दिल्ली और चंडीगढ़ के लिये जाने वाली बसों में सवारियां कम यात्रा कर रही थी।

# छात्रों को पढ़ाया नशे के दुष्प्रभाव का पाठ



**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एंटी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वावधान में मिशन ड्रग फ्री कैंपस के अंतर्गत ह्लएक युद्ध नशे के विरुद्धह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि समाज में नशे का प्रचलन युवाओं में बढ़ता जा रहा है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत बड़ा खतरा बनता जा रहा है। नशे से छात्रों को हर हाल में दूर रहना चाहिए। नशे के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति भी खराब होती है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए नोडल अधिकारी एंटी ड्रग सेल डॉ. विवेक रावत ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को नशे के विभिन्न स्रोतों और उसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने समाज को नशे के हानिकारक प्रभावों से बचाने में सहयोग करें। बीएससी पंचम सेमेस्टर के छात्र अजय रावत ने नशे के सेवन से होने वाली बीमारियों जैसे लीवर का खराब होना, फेफड़े का कैंसर इत्यादि के बारे में बताया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह, डॉ. छाया सिंह, डॉ. नीरज असवाल, डॉ. विकास प्रताप सिंह, डॉ. जूली मौजूद रहे।

### तीन अग्नि परीक्षा पास कर सीता देवी बनीं जिला पंचायत सदस्य

नई टिहरी : टिहरी के जौनपुर ब्लॉक की सीता देवी ने तीन बार अग्नि परीक्षा दी। तीनों बार वह इसमें सफल भी हुई। हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के बाद जनता की अदालत में भी सीता भुत्सी जिला पंचायत वार्ड से चुनाव जीत गई हैं। दरअसल भुत्सी जिला पंचायत वार्ड से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी सीता देवी का नामांकन रिटर्निंग आफिसर ने 10 जुलाई को नो ड्यूज सर्टिफिकेट पर आपत्ति लगाते हुए निरस्त कर दिया था। जिससे भाजपा समर्थित प्रत्याशी सरिता नकोटी निर्विरोध जीत गई। जबकि दावा था कि सीता देवी का नो ड्यूज प्रमाण पत्र पूरी तरह वैध था। मामले में सीता देवी ने हाईकोर्ट की शरण ली। यहां उनके साथ पैरवी करने वाले कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अखिलेश उनियाल, अमेंद्र बिष्ट और हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभिजय नेगी ने दस्तावेज और अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए।

# शिवचरण नौटियाल और बुद्धि सिंह बनें जिला पंचायत सदस्य



जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना ब्लॉक मुख्यालय थलीसैंण में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। मतगणना को लेकर प्रत्याशियों के समर्थकों में उत्साह बना हुआ था। थलीसैंण ब्लॉक में मतगणना के लिए 14 टेबिल लगाई गई थी।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना में गुरूवार को सुबह 8:00 से शुरू हुई। समाचार लिखे जाने तक मतगणना जारी थी। समाचार लिखे जाने तक थलीसैण ब्लॉक की 103 ग्राम सभाओं में से 56 ग्राम सभाओं के प्रधान निर्वाचित घोषित किये गये। विकासखंड की पांच जिला पंचायत सीट में से दो के परिणाम घोषित हो चुके है। जिसमें जिला पंचायत सदस्य टीला सीट से शिवचरण नौटियाल, बड़ेथ सीट से बुद्धि सिंह निर्वाचित हुए है। गुरूवार को भारी बारिश होने के कारण भी समर्थकों में भारी उत्साह दिखने को मिला। वहीं मतगणना में इस बार महिला कर्मियों की संख्या अधिक होने के कारण मतगणना में धीमी गति दिखाई दी, जिस कारण शाम को 6:00 बजे छठवें राउंड की मतगणना शुरू हो पाई। बीडीओ कमल लाल आर्य ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र दिये।

# पंचायत चुनाव की मतगणना को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जनपद पौड़ी गढ़वाल के 15 ब्लॉकों में गुरूवार सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हो गई थी। मतगणना शुरू होने के साथ ही प्रधान, बीडीसी तथा जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशियों के समर्थक भी वहां पहुंचने शुरू हो गए। हर कोई अपने प्रत्याशी की जीत की उम्मीद लेकर वहां पहुंचा था। जैसे-जैसे नतीजे आने शुरू हुए वैसे-वैसे लोगों का उत्साह दोगुना होने लगा।

गुरूवार को पौड़ी, कोट, खिर्सू, कल्जीखाल, पाबौ, थलीसैंण, बीरोंखाल, पोखड़ा, एकेश्वर, द्वारीखाल, यमकेश्वर, दुगड्डा, जयरीखाल, रिखणीखाल, नैनीडांडा ब्लॉक मुख्यालय में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना हुई। ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशियों के समर्थक सुबह से ही मतगणना स्थल के बाहर जमा होने शुरू हो गए।

पहले तथा दूसरे चरण की गिनती के बाद इसमें और अधिक इजाफा होने लगा। हर कोई अपने प्रत्याशी के नजीते सबसे पहले जानने को आतुर था। प्रशासन ने चुनाव नतीजे की घोषणा के लिए माइक भी लगा रखे थे। जैसे विजयी प्रत्याशियों की घोषणा हो रही थी तो समर्थक जोश में नारे लगा रहे थे। पंचायत चुनाव को लेकर लोगों में उत्साह था। जो गांव में रह रहे हैं वह सीधे चुनाव से जुड़े थे। जो प्रवासी हैं वह भी चुनाव नतीजों को लेकर लगातार गांव के लोगों से संपर्क कर रहे हैं। उन्हें भी अपने गांव के प्रधान को जानने की बेसब्री से इंतजार है।

### विजयी प्रत्याशियों का किया भव्य स्वागत

पौड़ी : पंचायत चुनावों के परिणाम को जानने के लिए गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालयों में प्रधान, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की भीड़ लगी रही। चुनाव नतीजे आते ही विजयी प्रत्याशी खुशी से झूम उठे। विजयी प्रत्याशियों का उनके समर्थकों द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। ब्लॉक परिसर के आसपास दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। प्रत्याशी और उनके समर्थक मतगणना के दौरान पल-पल की जानकारी जुटाते रहे। सोशल मीडिया पर भी लोग त्रिस्तरीय चुनावों से संबंधित खबरों को देखते रहे।

### चरस के साथ एक गिरफ्तार

नई टिहरी : रेगुलर चेकिंग अभियान के दौरान चंबा थाना पुलिस पुलिस ने 407 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

नशा तस्करी के लिए उपयोग में लाई जा रही दोपहिया वाहन को पुलिस ने सीज कर दिया है। थानाध्यक्ष दिलवर नेगी ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक दोपहिया वाहन पर सवार होकर जा रहा था। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 407 ग्राम चरस बरामद हुआ।

चरस तस्करी करने के आरोप में ग्राम बटखेम निवासी सूर्यकांत बेलवाल को मौके से गिरफ्तार किया गया।

### एनएच लोनिवि ने सड़क खोलने को लगाई चार मशीनें

रूद्रप्रयाग : केदारनाथ हाईवे पर सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच मुनकटिया के पास बंद सड़क को खोलने के लिए एनएच लोनिवि द्वारा कार्य जारी है। हालांकि पहाड़ी से लगातार बोल्डर गिरने और तंग जगह होने के कारण जोखिमों के बीच मलबा हटाया जा रहा है। विभागीय स्तर पर चार मशीनें लगाई गई हैं। गुरुवार सुबह से ही राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण खंड द्वारा सोनप्रयाग में बंद हाईवे को खोलने के लिए सोनप्रयाग की तरफ से जेसीबी की मदद से मलबा हटाने का काम शुरू किया गया। पहाड़ी से गिर रहे बोल्डर के चलते कार्य में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। हालांकि एनएच द्वारा यहां चार मशीनें तैनात की गई हैं, सोनप्रयाग की तरफ से पार करते हुए गौरीकुंड की तरफ मशीन पहुंचने के बाद दोनों तरफ से सड़क खोलने का काम शुरू किया जाएगा। अत्यंत संवेदनशील स्थान पर जेसीबी चालक को भी काम करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां करीब 150 मीटर सड़क क्षतिग्रस्त है। हालांकि मलबा अधिक होने के कारण यह पता नहीं चल पा रहा है कि सड़क को किस स्तर से क्षति पहुंची है। एनएच लोनिवि के अधिशासी अभियंता ओंकार पांडेय विभागीय इंजीनियरों के साथ स्वयं मौके पर मौजूद रहते हुए मार्ग को खुलवाने में जुटे हैं। एनएच लोनिवि के ईई ने बताया कि मार्ग खोलने के प्रयास निरंतर जारी है, अत्यधिक मलबा और पहाड़ी से बोल्डर गिरने एवं खराब मौसम से दिक्कतें आ रही है, बावजूद कार्यवाही लगातार जारी है। (एजेंसी)

# पति की हत्या में दोषी पत्नी को हुई आजीवन करावास की सजा, 10 हजार का अर्थदंड भी लगाया



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला सत्र न्यायालय पौड़ी की अदालत ने पति के हत्या में दोषी पाए जाने पर पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने साथ ही पत्नी पर दस हजार का अर्थ दंड भी लगाया है। फैसले में कोर्ट ने कहा है कि जुर्माना अदा न करने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला अक्टूबर 2019 का है। कल्जीखाल ब्लॉक के ग्राम सीरों में पत्नी ने पति की हत्या की थी। जिला शासकीय अधिवक्ता प्रदीप भट्ट ने बताया कि 4 अक्टूबर 2019 की रात को कल्जीखाल ब्लॉक की पट्टी असवालस्यूं के गांव सीरौं निवासी देवेंद्र सिंह ने राजस्व पुलिस में तहरीर दी कि उसका भाई तेजपाल घर के आंगन में लहूलुहान हालत में पड़ा है। उसके चेहरे पर चोटें लगी है और निशान पड़े है और तकरीबन मृत अवस्था में है। पास में ही खून से सनी ईंट भी पड़ी हुई थी। बताया कि इस दिन घर पर तेजपाल और उसकी पत्नी के आलावा और कोई नहीं था। उनका लड़का शादी में गया हुआ था। दोनों पति-पत्नी अक्सर आपस में लड़ाई करते रहते थे। देवेंद्र ने बताया कि 4 अक्तूबर को भी उसने दोनों पति-पत्नी का झगड़ा होते सुना था। सूचना पर राजस्व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। इसके साथ ही मौके से खून से सनी ईंट भी बरामद की। श्रीनगर से पहुंची पुलिस की फोरेसिंक टीम ने भी जांच के लिए सैंपल एकत्र किए। साथ ही मौके पर ही आरोपी पत्नी के बयान भी दर्ज किए। मृतक के भाई देंवेंद्र की तहरीर पर राजस्व पुलिस की पटवारी चौकी मुण्डनेश्र में आरोपी पत्नी सुमन देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। राजस्व पुलिस ने आवश्यक तथ्य जुटाने के बाद कोर्ट में अरोपपत्र पेश किया। अभियोजना के पास इस घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं था। कोर्ट में अभियोजन की ओर से 12 गवाह प्रस्तुत किए गए। जिला सत्र न्यायाधीश धर्म सिंह की अदालत ने इस मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर तेजपाल की पत्नी सुमन देवी को हत्या का दोषी पाया और आरोपी सुमन देवी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने सुमन देवी पर 10 हजार का अर्थदंड भी लगाया।

### लाभार्थियों को सिलेंडर भरने के लिए डी.बी.टी. के माध्यम से मिलेगी धनराशि

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत लाभार्थियों को सिलेंडर भरने के लिए धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से दी जाएगी। खाद्य विभाग इसके लिए व्यवस्था बनाएगा कि इस धनराशि का उपयोग लाभार्थी केवल सिलेंडर भरने के लिए ही कर सके। राज्य में 01 लाख 84 हजार अन्त्योदय कार्ड धारक परिवार इस योजना से जुड़े हैं, योजना का लाभ प्रदेश के लगभग 10 लाख लोग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि इस योजना का लाभ अन्त्योदय कार्ड धारकों को शत-प्रतिशत मिले। मुख्यमंत्री अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना लागू करने वाला उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सभी लाभार्थियों का डेटा अद्यतन किया जाए। वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य पात्र लोग बायोमैट्रिक कठिनाइयों के कारण राशन से वंचित न रहें, ऐसे सभी मामलों में ऑफलाइन प्रमाणीकरण या वैकल्पिक प्रणाली से राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए। खाद्यान्न भंडारण की वर्तमान क्षमता और गोदामों की भौतिक स्थिति की समीक्षा कर संरक्षित और सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन राशन कार्ड योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि किसी भी स्थान से राशन प्राप्त करने में कोई बाधा न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-पूर्ति पोर्टल पर रियल टाइम ट्रांजैक्शन डेटा की निगरानी सुनिश्चित की जाए। आधार सीडिंग एवं मोबाइल ओटीपी आधारित वितरण प्रणाली को सशक्त बनाया जाए। फर्जी राशन कार्ड की पहचान कर संबंधित पर कार्रवाई की जाए। लापरवाही या अनियमितता बरतने वाले डीलरों और अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए।

**कार्यालयः— नगर निगम कण्वनगरी, कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)**

पत्रांकः-2241/प्रशा0अनु0/ निविदा/सार्व0कार्य0/2024–25 दिनांक- 31/7/2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कोटद्वार की बोर्ड बैठक दिनांक 25.04.2025 में प्रस्ताव सं0 19 के अनुसार- सार्वजनिक आयोजनों तथा कार्यक्रमों हेतु वार्षिक दर अथवा सविंदा अथवा निविदाओं के माध्यम से व्यवस्थायें किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। जिसके क्रम में नगर निगम कोटद्वार में होने वाले विभिन्न सार्वजनिक समारोह/कार्यक्रमों हेतु आवश्यकतानुसार 06 कार्यो/वर्गों में विभाजित किया गया है, जैसेः– 1- टैन्ट की व्यवस्था, 2- डेकोरेशन, 3- ध्वनि यंत्र, 4- फोटोग्राफर, 5- प्रिटिंग एवं 6- भोजन व्यवस्था। जिसमें फर्म द्वारा पृथक-पृथक अथवा संयुक्त रुप से भी प्रतिभाग किया जा सकता है। जिस हेतु नगर निगम कोटद्वार के फर्म/एजेन्सी/संस्था से निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 18.08.2025 तक आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 19.08.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष समय सांय 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते किसी भी कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा को अस्वीकृत/स्वीकृत करने का अधिकार मा0 महापौर/नगर आयुक्त नगर निगम कण्वनगरी के पास सुरक्षित होगा।

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार**

**नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार**

(1130/51)

संक्षिप्त समाचार

## स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा राज्य पर कलंकः कांग्रेस

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा ने कहा है कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा चुकी हैं और विशेष रूप से पहाड़ी जिलों में हालात बेहद गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य तंत्र खुद वेंटिलेटर पर है।

चमोली के एक सुदूर गांव में तैनात फौजी की पत्नी की पीड़ा का उल्लेख करते हुए माहरा ने कहा कि उसका डेढ़ साल का बेटा इलाज के अभाव में दम तोड़ गया। बच्चा चमोली से बागेश्वर तक पांच अस्पतालों में भटकता रहा, लेकिन हर जगह उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अंततः हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज भेजे जाने के लिए समय पर एंबुलेंस न मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि जब सीमाओं पर तैनात सैनिकों के बच्चों को भी इलाज नहीं मिल पा रहा है, तो राज्य की आम जनता की हालत का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। यह पूरे प्रदेश के लिए कलंक है। माहरा ने कहा कि सरकार सैनिकों के नाम पर बड़ी–बड़ी घोषणाएं तो करती है, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके विपरीत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं को दरकिनार कर सरकार का पूरा ध्यान आबकारी और खनन जैसे क्षेत्रों पर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं को पीपीपी मोड पर छोड़ दिया है, जिससे जिला अस्पताल महज रेफरल सेंटर बनकर रह गए हैं। न डॉक्टर हैं, न दवाएं। यह बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था राज्य में पलायन का एक बड़ा कारण बन चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस संवेदनशील मुद्दे को लगातार उठाती रही है और आने वाले विधानसभा सत्र में पार्टी सरकार को घेरने की पूरी तैयारी में है।

## यूपीसीएल ने जुलाई महीने में वसूला एक हजार करोड़ का राजस्व

देहरादून। यूपीसीएल ने जुलाई महीने में 900 करोड़ के राजस्व वसूली लक्ष्य को पार कर लिया है। एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार ने बताया कि 900 करोड़ के लक्ष्य को पार करते हुए 30 जुलाई तक 987 करोड़ राजस्व वसूली का रिकार्ड बनाया गया है। जबकि अभी एक दिन बाकि भी रहा। इस महीने राजस्व वसूली का लक्ष्य एक हजार करोड़ से पार हो जाएगा। इस उपलब्धि का श्रेय यूपीसीएल कर्मचारियों को दिया। पारदर्शिता, नियमित निगरानी और मेगा कैंप के जरिए ये संभव हो पाया है। इस वर्ष राजस्व वसूली में सुधार को कई विशेष पहल की गई हैं। इसमें क्षेत्रीय अधिकारियों को साप्ताहिक लक्ष्य देते हुए जवाबदेही तय की गई है। बड़े बकायेदारों पर नियमित निगरानी रखी जा रही है। कहा कि बढ़ती राजस्व वसूली से उपभोक्ताओं की सेवाओं को और बेहतर किया जाएगा। विद्युत वितरण व्यवस्था में सुधार करने के साथ ही नए सब स्टेशन तैयार किए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटरिंग को बढ़ाया जा रहा है।

## जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुगम सुविधाजनक बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत डीएम

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल जिले में स्वास्थ्य सेवओं को सुगम सुविधाजन बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। जिलाधिकारी समय– 2 पर सरकारी चिकित्सालयों में औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की धरातल स्थति जांचने का कार्य कर रहे है। जिलाधिकारी के निर्देशन जिला प्रशासन की कार्यशैली अब त्वरित संज्ञान एवं एक्शन की बन गई है। माह जून में जिलाधिकारी ने उप जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय की तर्ज पर आधुनिक टीकाकरण कक्ष कार्य शुरू करने के निर्देश दिए थे, जिसका कार्य पूर्ण हो गया है। अब चिकित्सालय के टीकाकरण कक्ष के विस्तारीकरण साथ ही बच्चों के अनुरूप साज– सज्जा कार्य किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं बच्चों की बैठने की उचित व्यववस्था एवं एसी के साथ ही अलग पंजीकरण कांउटर बनाया गया है। वहीं चिकित्सालय जनमानस की सुविधा के दृष्टिगत दवाई वितरण कांउटर भी बढाए गए हैं।

## पेंशन भुगतान न होने पर पेंशनर्स नाराज

देहरादून। उत्तराखंड जल निगम सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन ने पेंशनर्स को समय पर पेंशन भुगतान न किए जाने पर नाराजगी जताई। मुख्य सचिव आनंद बर्धन को ज्ञापन सौंप नियमित भुगतान सुनिश्चित किए जाने की मांग की। कहा कि ग्रेच्युटी, नगदीकरण एवं मंहगाई राहत के बकाया का 18.18 करोड़ का भुगतान होना है।

# निराश्रित, बेसहारा गोवंश संरक्षण के लिए जिला प्रशासन ने स्वीकृत किए नए आश्रय

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने जनपद में गौ सदनों के संचालन हेतु गठित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक लेते हुए गोवंश के संरक्षण, भरण पोषण, गोसदन के सुचारू संचालन और नए गोसदनों की स्थापना हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गौ सदनों में स्थानीय पशु चिकित्सकों के माध्यम से सप्ताह में दो बार अनिवार्य रूप से गोवंश पशुओं का हेड काउंट कराया जाए। इसके अतिरिक्त पशु कल्याण बोर्ड गौ सदनों का रैंडमली निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने विकासखंड कालसी के खेरूवा में 150 पशु क्षमता का नया गोसदन संचालन के लिए 49.98 लाख की स्वीकृत प्रदान करते हुए जिला योजना में शीघ्र इसका



प्रस्ताव भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु जिलाधिकारी द्वारा विकासनगर छरबा 22 लाख और प्रेमनगर (मौजा आरकेडिया ग्रांट) में 27.03 लाख के दो प्रस्तावों को पूर्व में ही मंजूरी दी जा चुकी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गोसदन में रहने वाले पशुओं को नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच और बीमार व घायल पशुओं का उचित उपचार और टीकाकरण किया जाए। पशुओं को संतुलित आहार, स्वच्छ पानी और रहने की उचित जगह हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

नगर निगम देहरादून द्वारा पंजीकृत अर्ह गौसदनों में गोवंश की टैगिंग का कार्य पूर्ण न किए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए है कि नगर निगम अपने गोसदनो में रखे पशुओं की शत प्रतिशत टैंगिग कराते हुए शीघ्र इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करें।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि वर्तमान में देहरादून जनपद में 10 गोसदन पंजीकृत है। इसमें सहसपुर में 04, विकासनगर व डोईवाला में 2– 2 और चकराता व धर्मपुर में 1– 1 गोसदन शामिल है। इस दौरान सीवीओ ने विगत वित्तीय वर्ष में गौ सदनों के संचालन पर हुए व्यय विवरण और नए गोसदन के प्रस्ताव और गोसदन में पशुओं की टैगिक कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। पशु कल्याण बोर्ड की उप निदेशक ने बताया कि गोदसन में पशुओं के पंजीकरण के लिए ऐप तैयार कर लिया गया है। जिससे प्रत्येक गोसदन की दैनिक मॉनिटरिंग करना सरल हो जाएगा। जल्द ही इस ऐप को लांच किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, उप नगर आयुक्त संतोष कुमार पांडेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश जोशी, पशु कल्याण बोर्ड की उप निदेशक डॉ उर्वशी सहित अनुश्रवण समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

# देवरानी–जेठानी, सगे भाईयों को मिली कमान

देहरादून। क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत की कुछ सीटों पर एक ही परिवार के दावेदारों ने जीत हासिल की है। वहीं, कुछ सीटें ऐसी भी हैं, जिनमें जनता ने पुराने प्रतिनिधियों को दोबारा कमान सौंपी हैं। धनौला क्षेत्र पंचायत सीट से जहां देवरानी प्रधान बनीं वहीं जेठानी क्षेत्र पंचायत सदस्य बनीं हैं। धनौला क्षेत्र पंचायत सीट से साक्षी थापा विजयी हुई हैं, जबकि धनौला ग्राम पंचायत सीट से सोनिया थापा प्रधान चुनी गई हैं। साक्षी थापा जेठानी हैं और सोनिया देवरानी हैं। दोनों ही पहली बार मैदान में उतरे और विजयी हुए। दोनों ने बताया कि परिवार ने उन्हें चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया।

साक्षी 23, जबकि सोनिया 30 वोटों से जीती हैं। चुनाव जीतने के बाद दोनों ने एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी। ऐसे ही बड़ासी ग्रांट से अरविंद कुमार क्षेत्र पंचायत सदस्य चुने गए हैं। उनके भाई राहुल बड़ासी ग्राम पंचायत सीट पर प्रधान चुने गए हैं। दोनों भाई अपना कारोबार करते हैं। अरविंद ने बताया कि ग्रामीणों के कहने पर उन्होंने पहली बार चुनाव लड़ा। उनको लोगों ने अपना समर्थन भी दिया है। अखंडवाली भिलंग ग्राम सभा से यशोदा देवी लगातार दूसरी बार चुनकर प्रधान बनी हैं। उन्होंने कहा कि वो अपने पुराने कामों को आगे बढ़ाएंगी। पति के कामों को आगे बढ़ाएंगी तानिया सिंधवाल गांव में तानिया पंवार प्रधान बनी हैं, उन्हें 295 वोट पड़े। तानिया ने बताया कि इससे पहले उनके पति सिंधवाल गांव के प्रधान रहे हैं। इस बार सीट महिला आरक्षित होने के कारण उन्होंने चुनाव मैदान में उतरने का फैसला लिया और गांव के लोगों ने उन्हें समर्थन दिया। तानिया ने बताया कि उनके पति के प्रधान रहते जो काम अधूरे रह गए हैं, वो उन्हें पूरा करेंगी।

# सीएम धामी ने दी राकेश देवली को सेवानिवृत्त पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



देहरादून। मुख्यमंत्री धामी ने मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात मुख्य सुरक्षा अधिकारी राकेश देवली को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं। मुख्यमंत्री ने देवली के दीर्घकालीन सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का अत्यंत निष्ठा, दक्षता और समर्पण भाव से निर्वहन किया। देवली ने मुख्यमंत्री सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद पारिवारिक जीवन की मंगलकामनाएं व्यक्त की।

## प्रेमचंद के योगदान को सराहा

हरिद्वार। हिंदी साहित्य के महान उपन्यासकार प्रेमचंद की 144वीं जयंती के अवसर पर एंजिल्स अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के लिट्रेरी क्लब के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने प्रेमचंद के साहित्य को समझते हुए मौलिक लेखन गतिविधियों में भाग लिया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या रश्मि चौहान और उप–प्रधानाचार्य बद्री प्रसाद उपाध्याय ने प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्रों ने ह्यप्रेमचंद और आज का समाज विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों ने प्रेमचंद जी के जीवन संघर्ष, उनकी कहानियों में छिपे सामाजिक संदेश और आज के परिप्रेक्ष्य में उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा की। कार्यक्रम में शिक्षिका अनीता चौहान एवं अनु पठानिया ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान की बारीकियों से अवगत कराया।

# जनजागरूकता से ही जल संरक्षण में मिलेगी सफलता

देहरादून। उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) द्वारा "जल शिक्षा कार्यक्रम" के अंतर्गत "वाटर सिनेरियो ऑफ उत्तराखंड (उत्तराखंड में जलस्त्रोतों का परिदृश्य)" विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने कहा कि जल एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसे केवल जानकारी तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि इसके संरक्षण हेतु ठोस कार्य योजनाएं बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जल एक अत्यंत संवेदनशील विषय है। यूकॉस्ट द्वारा प्रारंभ किए गए जल शिक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आम जनमानस को जल संरक्षण, जलस्त्रोत प्रबंधन और पुनर्जीवन से जोड़ना है तथा जन सहभागिता के साथ कार्य करना है।

प्रो. पंत ने जानकारी दी कि यूकॉस्ट द्वारा 'माँ धरा नमन' कार्यक्रम के अंतर्गत टोंस पुनर्जीवन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है और जल संरक्षण के लिए वाटर वालंटियर तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यालयों और संस्थानों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। साथ ही पारंपरिक जल स्त्रोतों विशेषकर "नौला–धारा" के संरक्षण हेतु व्याख्यान श्रृंखला आयोजित करने पर बल दिया।

मुख्य वक्ता के रूप में मानसखण्ड विज्ञान केंद्र, अल्मोड़ा के एमेरिटस वैज्ञानिक डॉ. जी. एस. नेगी ने उत्तराखंड के जलस्त्रोतों, नौला–धारा, प्रमुख नदी बेसिनों, ग्लेशियरों और मानव निर्मित झीलों की वर्तमान स्थिति पर जानकारी दी। उन्होंने भूजल पुनर्भरण और स्प्रिंग सैंक्चुरी के विकास की आवश्यकता पर बल दिया तथा वैज्ञानिक एवं पारंपरिक प्रबंधन को एक साथ लेकर चलने की जरूरत बताई। कार्यक्रम का संचालन यूकॉस्ट के वैज्ञानिक डॉ. भवतोष शर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनमोहन रावत द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड, उत्तराखंड क्षेत्र के डायरेक्टर डॉ. प्रशांत राय ने भूजल रिचार्ज की आवश्यकता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# अमित ग्राम गुमानीवाला में ड्रैनेज कार्य युद्धस्तर पर जारी

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देश पर लोनिवि द्वारा अमित ग्राम गुमानीवाला में लोनिवि द्वारा 180 मीटर लम्बाई पर ड्रैनेज कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जिलाधिकारी विगत माह ऋषिकेश में जलभराव समस्या के समाधान को अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे, तथा लोनिवि को बजट की स्वीकृति प्रदान करते हुए तत्काल कार्य प्रारम्भ कराने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर तत्काल कार्य प्रारम्भ कर दिया गया था जिसमें 180 मीटर लम्बाई के ड्रनेज कार्य के सापेक्ष लगभग 144 मी0 ड्रैनेज कार्य (80 प्रतिशत) कार्य पूर्ण हो चुका है।जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी हालत में ऋषिकेश शहर के जलभराव का समाधान करना है, इसके लिए लोनिवि को तत्काल खुदाई कर जलभराव के मुख्य कारक गुमानीवाला चौक ह्यूम पाइप ड्रेनेज की सफाई तथा



अलाइमेंट कार्य को तत्काल करने के निर्देश दिए थे, जिसके लिए फंड की स्वीकृति जिलाधिकारी ने मौके पर ही जारी कर दी गई थी। अब यह कार्य 80 प्रतिशत् पूर्ण हो गया है। जिलाधिकारी ने शेष 20 प्रतिशत् कार्य को युद्धस्तर पर पर पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी के लोक निर्माण के अधिकारियों से कड़े शब्दों में कहा कि जनमानस, महिला, बुजुर्ग,बच्चों को जलमग्न नहीं रहने दे सकते। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी हालत में ऋषिकेश शहर के जलभराव समाधान करने के निर्देश दिए थे, जिसके फल स्वरुप जल भराव से निकासी का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

## कैबिनेट मंत्री ने न्यू कैंट रोड में आग लगने की घटना का निरीक्षण किया

देहरादून। न्यू कैंट रोड हाथीबड़कला स्थित पोस्ट ऑफिस के पास घर में आग लग गई। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने निरीक्षण कर परिजनों से मुलाकात की। मंत्री ने मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों से आग लगने के कारणों की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने बताया गया कि बीती देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण पूनम देवी के घर में अचानक आग लग गई, जिससे घर में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। सौभाग्यवश इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। पूनम देवी अपने बच्चों के साथ राजस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर दर्शन के लिए गई हैं। कैबिनेट मंत्री ने प्रभावित परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान स्थानीय पार्षद भूपेंद्र कठैत, मोहन बहुगुणा, रमेश प्रधान सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डाकपत्थर संयुक्त चिकित्सालय स्वास्थ्य विभाग के हवाले

देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार से भेंट कर डाकपत्थर स्थित 50 बेड के संयुक्त चिकित्सालय को शीघ्र संचालित किए जाने का आग्रह किया। इस पर सचिव ने महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य को 8 जुलाई 2025 तक प्रस्ताव प्रस्तुत कर चिकित्सालय शुरू करने और मैनपॉवर की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मोर्चा के निरंतर प्रयासों से 15 मई 2025 को चिकित्सालय भवन स्वास्थ्य विभाग को हस्तगत हो चुका है। लगभग 13 करोड़ की लागत से वर्ष 2021 में स्वीकृत यह भवन उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा एक वर्ष पूर्व ही बनकर तैयार हो चुका था, लेकिन अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा इसे स्वास्थ्य विभाग को सौंपने में कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। मोर्चा ने हस्तांतरण को सुनिश्चित कर जनता की मेहनत की कमाई को व्यर्थ होने से बचाया।मोर्चा अध्यक्ष नेगी ने कहा कि विकासनगर क्षेत्र में अधिकांश निर्माण कार्य केवल कमीशनखोरी के उद्देश्य से कराए जा रहे हैं, आमजन की सुविधा को लेकर कोई जवाबदेही नहीं है। ऐसे दलाल रूपी नेताओं के विरुद्ध मोर्चा ने अभियान छेड़ रखा है।

नेगी ने कहा कि यदि इस अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं शुरू होती हैं, तो उप–जिला चिकित्सालय विकासनगर का भार कम होगा और डाकपत्थर सहित आसपास के क्षेत्रवासियों को भी राहत मिलेगी। आज गरीबों को इलाज के लिए महंगे प्राइवेट अस्पतालों में भटकना पड़ रहा है, जो निंदनीय है।

# मतगणना शुरु होते ही प्रशासन के दावे रह गए धरे

### – मतगणना केंद्र पर उमड़ी भीड़ से लगा जाम, एनएच पर लगा जाम

विकासनगर। पंचायत चुनाव मतगणना शुरू होने से पहले प्रशासन ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के दावे किए थे। व्यवस्थाओं को नियंत्रित रखने के लिए मतगणना केंद्रों के 200 गज के दायरे में निषेधाज्ञा लागू थी। गुरुवार को मतगणना शुरु होते ही प्रशासन के दावे धरे रह गए। मतगणना केंद्रों के बाहर सुबह आठ बजे से ही लोगों की भीड़ जमा होनी आरंभ हो गई थी। आलम यह था कि आशा राम वैदिक इंटर कॉलेज के बाहर सड़क के दोनों ओर तीन–तीन किमी के दायरे में लोगों की भीड़ लगी थी। भीड़ से निपटने के लिए पुलिस ने कोई कदम नहीं उठाया। इससे दोपहर तक हजारों लोग मतगणना केंद्र के बाहर जमा हो गया। भीड़ के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लग गया। सुबह 10 से जाम लगना शुरु हो गया था। विकासनगर से हरबर्टपुर की ओर करीब तीन किमी लंबे जाम में वाहन घंटों फंसे रहे। आम लोगों से लेकर छात्र–छात्राएं और मतगणना केंद्रों का जायजा लेने के लिए आने वाले अधिकारी भी जाम में फंसे रहे। आशा राम वैदिक इंटर कॉलेज के मतगणना केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने आ रहे निर्वाचन अधिकारियों का वाहन लेहमन पुल के पास जाम में फंसा रहा। अधिकारियों के साथ मौजूद सुरक्षा कर्मी जाम से वाहन निकालने की नाकाम कोशिश करते रहे। दूसरी ओर सहसपुर में भी एसजीआरआर इंटर कॉलेज में बने मतगणना केंद्र के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोगों का जमावड़ा शुरू होने लगा था। यहां भी सुबह 10 बजे तक सड़क पर लोगों का मजमा लग गया। हालांकि मतगणना केंद्र के अंदर और बाहर पुलिस तैनात थी लेकिन भीड़ बढ़ने से रोकने में वे नाकाम साबित हुए। यहां भी सहसपुर बाजार से हरबर्टपुर की ओर लांघा डायवर्जन तक और सेलाकुई की ओर रामपुर तक जाम लगा रहा।रूट डायवर्ट न करने से बढ़ी परेशानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगने से पुलिस के दावे धरे रह गए। निकाय चुनाव मतगणना के दौरान भी ऐसे ही हालात पैदा हुए थे। भीड़ बढ़ने का अंदाजा पुलिस को पहले से ही था। इसके बावजूद पुलिस ने यातायात सुचारु रखने के लिए रूट डायवर्ट करना जरूरी नहीं समझा। हरबर्टपुर से विकासनगर की ओर आने वाले वाहनों को कैनाल बाईपास से डायवर्ट किया जा सकता था।

## मुंशी प्रेमचंद को जयंती पर याद किया

ऋषिकेश। उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती पर गुरुवार को पब्लिक इंटर कॉलेज में उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। विद्यालय परिवार के सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सच्चा कलम का सिपाही बताया। गुरुवार को मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर विद्यालय की कक्षा 12 वीं की छात्रा नताशा ने उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

प्रधानाचार्य अंकित डोबरियाल ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद को पढ़ना उन चीजों से अवगत होना है जो समाज की बुनियादी समस्याएं हैं। हिंदी विभागाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता ने कहा कि उपन्यास सम्राट की लेखनी हमेशा गरीबों की पीड़ा को उजागर करने वाली रही है।

# समर्थक इतने उत्साहित कि भूख–प्यास भूले

विकासनगर। पछुवादून के सहसपुर, विकासनगर, कालसी और चकराता के मतगणना केंद्रों के बाहर गुरुवार को पूरे दिन मेले जैसा नजारा बना रहा। चारों ओर नारे गूंज रहे थे। सुबह से प्रत्याशी और समर्थक मतगणना स्थल पर जमा होने लगे थे। लोग जानने को उत्सुक थे कि कौन प्रत्याशी कितने वोट से आगे है। समर्थक इतने उत्साहित थे कि किसी को भूख–प्यास की चिंता नहीं थी। जैसे ही मतगणना स्थल पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज सुनायी देती, लोग शांत हो जाते थे। जो प्रत्याशी जिस राउंड में आगे होता, उसके समर्थक नारे लगाने लगते। आगे मौजूद प्रत्याशियों के समर्थक मतगणना केंद्र तक भी पहुंचे मगर पुलिस बलों को काफी मशक्कत से उन्हें हटा दिया।मतगणना स्थल पर अभिकर्ता अपने प्रत्याशी को मिले वोटों का लगातार हिसाब रख रहे थे। उधर, मतगणना केंद्रों पर अधिकारियों की आवाजाही बनी रही। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी निर्देश जारी करते रहे। अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। सुबह छह बजे मतगणना कर्मी केंद्र के अंदर प्रवेश करने लगे। उन्हें सघन जांच के बाद ही केंद्र के अंदर प्रवेश कराया गया। इसके बाद प्रत्याशी समर्थकों के साथ मतगणना केंद्र में पहुंचे। उन्हें भी सघन तलाशी से गुजरना पड़ा। प्रथम चक्र का रुझान आते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।प्रत्याशी की घोषणा होते ही समर्थकों का उत्साह चरम पर रहा। नारों से मतगणना केंद्र स्थल गुंजायमान होने लगा। इसे नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी। केंद्र में तैनात कर्मचारी भी हार–जीत की जानकारी हासिल करने से अपने आपको नहीं रोक पा रहे थे। निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी मतगणना केंद्र के अंदर व बाहर की गतिविधियों पर भी नजर जमाए हुए थे।

## युवक पर धार्मिक टिप्पणी करने के बाद रॉड से पीटा

हल्द्वानी। भाई के घर को निकले एक स्कूटी सवार युवक को अराजक तत्वों ने घेर लिया। युवक पर धार्मिक टिप्पणी करने के बाद उसके साथ मारपीट की और गाली गलौज करने के साथ ही लोहे की रॉड से पीट डाला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# उत्तराखंड में सोलर इंडस्ट्री पर मंडरा सकता है संकट

### – सोलर पावर के रेट में 50 फीसदी कटौती किए जाने के प्रस्ताव का विरोध शुरू

देहरादून। उत्तराखंड में विद्युत नियामक आयोग के सोलर पावर के रेट में 50 फीसदी कटौती किए जाने के प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया। आम लोगों के साथ ही उद्यमी भी इसके खिलाफ हैं।

जल्द आयोग की ओर से फाइनल दरें जारी की जा रही हैं। आयोग ने न सिर्फ बड़े सोलर पावर प्लांट, बल्कि घरों की छतों पर पीएम सूर्य घर योजना में लगने वाले तीन से लेकर 10 किलोवाट के छोटे प्लांट से मिलने वाली बिजली के रेट भी 50 फीसदी घटाने का प्रस्ताव रखा है। पीएम सूर्यघर योजना में अभी यूपीसीएल 4.30 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली



खरीद रहा है। आयोग ने इसे दो रुपए प्रति यूनिट सीमित करने का प्रस्ताव रखा है। इसके साथ ही उत्तराखंड सरकार की स्वरोजगार से जुड़ी सबसे सफल योजना सीएम सौर स्वरोजगार योजना में लगे सोलर पावर प्लांट की बिजली को भी 4.25 रुपए प्रति यूनिट से घटा कर 4.12 रुपए प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव रखा है। पुराने सोलर प्लांट के रेट 4.64 रुपए प्रति यूनिट तक है। सोलर इंडस्ट्री से जुड़े विक्रम सिंह ने बताया कि एक ओर केंद्र सरकार देश को पावर सेक्टर में मजबूत करने की प्लानिंग में जुटा है। वही राज्य में सोलर पावर सेक्टर को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है।

मालूम हो कि उत्तराखंड सरकार ने 2500मेगावाट सोलर पावर उत्पादन का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में करीब 300 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है। सोलर पावर प्लांट से पैदा होने वाली बिजली के रेट नए सिरे से तय किए जा रहे हैं। इसके लिए सभी वर्गों से आपत्ति, सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

सभी वर्गों की आपत्ति, सुझाव आ गए हैं। अब सभी की पड़ताल करते हुए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जल्द फैसला ले लिया जाएगा। – एमएल प्रसाद, अध्यक्ष उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ।

# महिला समूहों के उत्पादों को डीएम और एसपी ने सराहा

हरिद्वार। आत्मनिर्भर भारत अभियान को साकार करने की दिशा में कार्य कर रहे महिला समूहों को प्रोत्साहन देने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने आकांक्षा हाट का संयुक्त निरीक्षण किया। सीसीआर टावर के सामने नीति आयोग के ह्यसंपूर्णता अभियान के तहत लगे इस हाट में अधिकारियों ने महिला समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली और उनकी सराहना करते हुए पहाड़ी टोपी भी खरीदी। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसएसपी ने हाट में लगे प्रत्येक स्टाल पर जाकर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद किया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि महिला समूहों की यह पहल जनपद को एक नई पहचान दे रही है। एसएसपी डोबाल ने भी महिला समूहों के आत्मनिर्भर प्रयासों की सराहना की। जिलाधिकारी ने बताया कि आकांक्षा हाट 28 जुलाई से 2 अगस्त तक संचालित होगा। अब तक तीन दिनों में 1 लाख 935 रुपये की बिक्री हो चुकी है, जो स्थानीय कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस हाट के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं, जो आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर सचिव एचआरडीए मनीष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, सहायक परियोजना निदेशक ललिनी घिल्डियाल, डीपीएम संजय सक्सेना सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com